Mr. Speaker : I do not think there is any defamatory thing said about Chaudhri Chandgi Ram. Was there any ? I only heard that he was taken there and that he was t here for

about an hour or so. No defamatory remarks were made about Chaudhri Chandgi Ram as far as I see.

चौधरी रणबीर सिंह : यह तो ठीक है कि उन्होंने सीधे तौर पर डैफेमेटरी नहीं कहा लेकिन जिस तरह से चौधरी मुख्तियार सिंह जी ने जिक्र किया था कि उस में उन्होंने मकान का नम्बर और सैक्टर नम्बर दिया था (शोर) अगर माननीय सदस्य उन का नाम लेते. हैं तो उसके साथ दूसरी सारी बातों को जोड़ कर विचार करना चाहिए थो । लेकिन जो बात मैं कह रहा हूं उससे आप खुद मेरे साथ सहमत होंगे कि जो भाई सदन में जवाब नहीं दे सकते उन्हें यहां पर बदनाम न किया जाए ।

Mr. Speaker : I really do not think any defematory statement has been made about Chaudhri Chandgi Ram and if there is any, there are other courses open to contradict, if you wish to do so.

मलिक मुख्तियार सिंह : स्पीकर साहिव, मेरी अर्ज यह है कि जो इन्फर्मेशन हमें मिली थी वही हमने हाउस में दी । जोगिन्द्र सिंह के बारे मैं हाउस में कितना हंगामा हुआ यह सब को मालूम है । इन्फर्मेशन के मुताबिक मैने सैक्टर नम्वर दिया था, नाम नहीं दिया था । इसके अलावा जो डी०डी० पुरी की कार को इस्तेमाल करने या और जो दूसरी बातें हैं उनको कहने के लिए आपने पांच मिनट का टाईम उन्हें दिया जिस में उन्होंने सब कुछ बता दिया । आपने भी कहा कि यह बात बडी संसेशनल है, मुझे उम्मीद है कि चौधरी साहिब इसके लिए मुझे एक्सक्यूज करेंगे ।

Mr. Speaker: I think the hon. Member is utilizing the opportunity (laughter).

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, अपोजीशन को झूठे बहाने खूब वनाने आते है' ।

चौधरी रणबीर सिंह : एक दफा अपने. दिल की भड़ास निकाल लें, अपनी हार को छिपा लें, इस वात में कोई हर्ज की बात नही है ।

BILL

THE HARYANA APPROPRIATION BILL, 1969

Mr. Speaker : Hon. Members, a Minister is to introduce the Haryana Appropriation Bill, 1969.

Finance Minister (Shrimati Om Prabha Jain) : Sir, I beg to introduce the Haryana Appropriation Bill.

Finance Minister : Sir, 1 beg to move--

That the Haryana Appropriation Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved-

That the Haryana Appropriation Bill be taken into consideration at once.

राव बीरेन्द्र सिंह (अटेली) : मुअजिज स्पीकर साहिब, इस हाउस का माहौल पिछले दो रोज में खासा दुखदाई रहा । उसके वाद आज जबकि एप्रोप्रिएशन बिल सरकार ने पेश किया वह भी एक खास हालात में पेश हुआ ।

(उपाध्यक्ष महोदया पीठासीन हुई) अपोजीशन के चार मैम्बर अभी भी ससपैन्ड हैं और सरकार अपोजीशन को माईनारिटी में रिडयूस करके अपना एप्रोप्रिएशन बिल पास कराना चाहती है....

मुख्य मन्त्री : माईनारिटी में मेजारिटी से ही रिड्यूस हुए है' ।

राव बीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन हालात में यह कहना मुनासिब होगा कि यह सरकार धक्के के साथ, हरियाणा की जनता के साथ धक्का करके, जबदंस्ती एक गलत तरीका अख्तियार करके एप्रोप्रिएशन बिल को पास करना चाहती है ।

एक सदस्य : जनता ने फैसला दिया है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : घबराते क्यों हो. चन्द दिनों में सामने आ जाएगा । खैर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, अच्छा होता यदि सरकार आज के दिन कुछ सही तरीके अख्तियार करके, जनता के अन्दर अपने लिए कोई कानफिडेन्स पैदा करके, कोई अच्छा कदम उठा कर, इस इजलास की कार्यवाही शुरू करती? मैं समझता हूं कि अपोजिशन के त्रिए यह बात इससे पहले भी नामुनासिब थी कि सरकार जनता के नुमायदों को ऐसे एक इम्पोंटैटं मंजर के ऊपर हाउस में बैठने से रोक दे धक्का करके और उसके बाद हम इस हाउस में बैठ कर सहयोग दे सरकार को जौर इस एप्रोप्रियेशन बिल के ऊपर डिसकशन हो । लेकिन आज जो नया वाक्या हमारे समाने है, जो यह नई, एक सैन्येशनल, एक शौकिंग बात, श्री जोगिन्द्र सिंह ने सुनाई है, उसके बाद तो में समझता हूं कि न

जनता में सरकार के लिए विश्वास रहा और न अपोजीशन ही सरकार के अन्दर कतअन, कोई विश्वास रख सकती है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह एक वाक्या है जिस तरीके से इस हरियाणा की छोटी ही स्टेट मे' ला एण्ड आर्डर चलाया गया । पिछले कुछ महीनों के अन्दर एक मैंबर को गिरफ्तार किया, दूसरे को दबाया, तीसरे के वांरट हासिल किए और झूठा मुकद्दमा बनाया, एक कालेज में पुलिस और अफसरों की मदद से जमने की कोशश की गई, दूसरे कालेज को पुलिस और अफसरों की मदद से भंग करने की कोशिश की गई इस्टिच्यूशंज को खराब किया गया, एक मैम्बर को खुश करने की खातिर उसके हलके की दूसरी कोआप्रेटिव सोसाईटी को खत्म कर दिया, चौधरी नेकी राम के लिए एक काम हुआ तो किसी दूसरे के लिए कोई दूसरा काम किया गया । हाई कोर्ट में रिट चल रही है । गवर्नमेंट को नोटिस इशु हुआ और सुनाहै' स्टे आर्डर भी हो गए है' । रोजाना हाई कोर्ट के अन्दर रिटस हो रही है । इस गवर्नमेंट के खिलाफ लेकिन सरकार के कान पर जू तक नही रेंगती । और आज हालात सामने आए कि हाउस के एक ओनरेबल मैम्बर को एनटाइस करके उसके मकान से झूठ बोलकर कि उसकी माता जी और बहिन जी बुला रही है (विरोधी दल की ओर से शेम, शेम की आवाज) ले जाया गया और उसको कुछ लोगों ने चीफ मिनिस्टर की कोठी पर पेश किया, उसके बाद उसको उसकी मर्जी के खिलाफ 4–5 दिन गैर हाजिर रखा और हमारी सरकार कहती रही

कि हमें डस चीज का कोई इल्म नहीं । चीफ मिनिस्टर साहिब ने व्यान देने से इन्कार किया और उसी मामले में हम अपोजीशन वाले जब हाउस में आवाज उठाते है' तो हमारे चार मैम्बरों को सस्पेंड कर दिया जाता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा स्टेट के अन्दर ऐसे हालात हों, एक मैबंर के साथ यह हो और एक ऐसे शहर मे हो, जो तीन स्टेटों की राजधानी हो, जहां पंजाब की भी हकूमत हो, हरियाणा की भी हकूमत हो, दो दो राज्यपाल और एक चीफ कमिश्नर हो, तो आपही बताईए कि हरियाणा के अन्दर क्या कोई शहरी आजादी महसूस कर सकता है? किसी की फ्रीडम सेफ है? ऐसे हालात में तो सिर्फ एक ही चीज रह जाती है कि इस सरकार को हरियाणा का रूल करने का कोई हक नहीं ।.. (विघ्न).. । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह गवर्नमेंट is sick child of sikening Congress politics in India. इससे ज्यादा यह कुछ नही । (विघ्न)... हरियाणा की स्टेट को अगर बनाना हो तो इस मरकाह को जाना पड़ेगा । जनता की आवाज अगर सुननी हे तो इस सरकार को जाना होगा, जनता को यदि इन्साफ देना. है तो इस सरक। र को जाना होगा, इस सरकार को यहां से निकलना होगा । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा के बडीन्ग रोज के अन्दर इस सरकार का कैन्सर जव तक रहेगा तब तक यह फूल कभी व्लोसम नहीं कर सकेगा । ।.... (विघन).... ।

एक सदस्य : जनता ने तो कांग्रेस के हक में ही फैसला दिया है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनता का फैसला, अगर आज इलैक्शन हो, तो पता चले । ये जो बड़े जोर शोर से बोलते हैं ये तो इन भाईयों की मेहरबानी से च्रुने गये है' जो यहां बैठे है' और जो इनके लीडर थे (कांयेस को छोड़कर आए हुए असन्तुष्ट कांग्रेसियों की रुपलाल महता आदि की तरफ इशारा)....(विघ्न)....मैं तो पहले भी आपोजीशन में आपके मुकाबिंले में बोलने के काबिल था । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज मै' ज्यादा कुछ न कहकर सिर्फ इस बात की मांग रखन चाहता हूं कि हरियाणा की 70 फीसदी से ज्यादा जनता आज उन लोगों के पीछे है जो आपोजीशन में बैठे हैं । 80 फीसदी वोट ये पहले लेकर आए थे । 10 और 20 फीसदी हरियाणा के लोग बाकी लोगों के साथ हैं जिन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया या यों कहिए कि कांग्रेस को तिलांजलि दे दी है । इस लिए, अगर जनता के हाथ इन्साफ करना है तो मैं चौधरी बंसी लाल जी से अर्ज करूंगा..... वे शायद जानते थे कि मैं क्या अर्ज करूंगा । चीफ मिनिस्टर बनने से पहले तो वे इतने बुरे आदमी नहीं थे....

कांग्रेस की तरफ से कुछ सदस्य : वे अब भी बुरे नहीं हैं ।

11.A.M.

राव बीरेन्द्र सिंह : उनको शायद इस बात की शर्म थी कि जायज बात को इन्कार नहीं कर सकूंगा, इसलिए उठकर चले गए । खैर, आज अगर इस मामले में गैरजानिबदा– राना तरीके से इनक्वायरी हो और कसूरवार को सजा मिले, खवाह वह चीफ मिनिस्टर हो,

चाहे मिनिस्टर हों या उनके रिश्तेदार हों, तभी जनता के अन्दर विश्वास पैदा हो सकता है इसके लिए जरूरी है कि चीफ मिनिस्टर तत्काल इस्तीफा दे दें ताकि इन्क्वायरी ठीक ढंग से पूरी हो सके । अगर चीफ मिनिस्टर साहिब, इस गम्भीर बात पर भी इस्तीफा नहीं दे ते, तो हरियाणा की जनता शायद उनको मजबूर करे । डिप्टी स्पीकर साहिबा आज वाक्यात इस बात का तकाजा करते हैं कि यूनियन टैरेटरी के अन्दर एक ऐसा क्राईम हो, जनता के साथ यह ज्यादती हो चौहान साहिब होम मनिस्टर है, बड़े जबर्दस्त आदमी हैं । मैं उनका बड़ा अहतराम करता हूं । उनकी हकूमत हो यहां पर और फिर यहां एक एम ० एल ० ए० का पता न लगे । इस चण्डीगढ एडमिनिस्ट्रेशन को शंक किया जाना चाहिए । अगर इन हालात में चौहान साहिब इन्साफ नहीं दे सकते, हरियाणा की जनता को, तो इस गवर्नमेंट को मैं समझता हूं डिसमिस करना चाहिए । गवर्नर साहिब को इस गवर्नमेंट के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए । जब तक यह कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती और लोगों को इन्साफ नहीं मिलता है । इस सरकार का इन बैन्चिज पर बैठने का कोई हक नहीं है (तालियां) । जब तक जनता को इन्साफनही मिलेगा और यह इन्क्वायरी पूरी नहीं हो जाती, तब तक हमें यह विश्वास पैदा नहीं हो सकता कि हरियाणा में रूल आफ ला चलेगा । हरियाणा के अन्दर यह गैगस्ट्रिजम नहीं चलेगा । मैं तो अपनी तरफ से कह सकता हूं और मैं समझता हूं कि हमारे साथियों के सब के जजबात यह हैं कि हम ऐसी सरकार के साथ इस हाउस में बैठना जुर्म को बात समझते हैं । हम इस

सरकार के साथ कोआप्रेट करने के काबिल नहीं, क्योंकि एक आनरेबल मेम्बर सरकार पर यह इल्जाम लगाए ।

श्री बनारसी दास गुप्ता : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । मैं आप से यह जानना चाहता हूं कि क्या राव साहिब एप्रोप्रियेशन बिल पर स्पीच कर रहे हैं या किसी और चीज पर ।

मलिक मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये हमें स्पीच करना सिखायेंगे, इनको यही पता नहीं है कि बोल सकते हैं यह नहीं । (कुछ सदस्यों की और से विघ्न)

राव बीरेन्द्र सिंह : आप को यही पता नहीं है कि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन की डिमांड है । इस पर हैम बोल सकते हैं ।

वित्त मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा कि कल स्पीकर साहिब ने कहा था कि जो डिमांड हाउस में रखी जायें उन्हीं पर बहस हो सकती है । राव साहिब बोलने का मौका पहले भी ले चुके हैं और बार बार उसी बात को दोहरा रहे हैं । मैं समझती हूं कि हाउस का टाईम जाया नही करना चाहिए । जनरल एडमिनिस्ट्रेशन का जो सबजैक्ट दिया हुआ है उन्हीं पर बोल सकते हैं हाउस के सामने ला–एण्ड–आर्डर के बारे में कोई डिमांड नहीं रखी गयी है । इस लिए इस पर नहीं बोल सकते ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आप तो पांच करोड़ रुपया मांग रही हैं । आप तो इस हरियाणा से पांच पैसे की भी हकदार नहीं है ।

वित्त मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ला–एण्ड–आर्डर के लिए एक पैसा भी नहीं मांगा गया है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : पुलिस के लिए आपने इसमें कुछ नहीं मांगा ।

वित्त मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने बताया कि पुलिस के लिए हमने कुछ नहीं मांगा ।

राब बीरेन्द्र सिंह : आज नहीं मांगा है तो कल मांग लेंगी ।

उपाध्यक्षा : ला–एण्ड–आर्डर पर बोल सकते हैं ऐसे हाउस के रवायात हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने हाउस के जजबात, अपोजीशन के जजबात आपके समाने रखे । मुझे विश्वास है ट्रेजरी बैन्चिज पर भी बहुत से नेक दिल आदमी हैं । उन में बहुत लोग ऐसे हैं जिनकी अच्छी जमीर है जैसे मित्तल साहिब हैं । अभी तशरीफ लाये हैं, खां साहिब है' । फरिश्ता सरित हैं, चौधरी रणबीर सिंह जी है, चौधरी जगदीश चन्द्र जी हैं । मैं यहां किस किस का नाम बताऊं और भी बहुत से भाई बैठे हैं । अगर मैं किसी और भाई का नाम बताऊंगा तो आज शाम से उनको ये रोकना शुरू कर देंगे । इसलिए मैं ज्यादा नाम नहीं ले सकता । खुरशीद अहमद जी, आपको कौन नहीं जानता । आपका नाम भले आदिमयो में कैसे लूं? डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं उम्मीद करता हूं कि इन हालात में और इन वाक्यात में जब तक हमें यह विश्वास

न हो कि हरियाणा में खाह रूल एक दिन का हो खाह एक महीने का हो.... (विघ्न)

चौधरी जगदीश चन्द्र : डिप्टी स्पीकर साहिबा, प्वायंट आफ इन्फर्मेशन । मैं यह इन्फर्मेशन चाहता हूं इन भले आदमियों से क्या आपको कुछ उम्मीद नहीं है?

राव बीरेन्द्र सिंह : हमें तो बहुत उम्मीद है आप का मैने पहले नाम लिया हे । आप से उम्मीद थी तभी तो आपका नाम लिया है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे तो पूरा विश्वास है जो हरियाणा के नुमायन्दे उधर बैठे हैं इस किस्म के व्यवहार को बहुत जोरो से कन्डेम करेंगे और प्रोटैस्ट करेंगे, जिन तरीकों से, जिस ढंग से स्टेट के अन्दर गैगंस्ट्रिजम चल रहा है । इसको खत्म किया जाना चाहिए और इसके खत्म करने का एक ही तरीका है । वो ऐसी नाजायज हरकत करने वाली सरकार का साथ छोड़ दें और वे अपोजीशन के साथ मिल कर हरियाणा की जनता के जख्म पर कुछ मरहम लगाये । यहां की एडमिनिस्ट्रेशन को टोन अप करने के लिए कोई सेवा के काम करें । इ स सरकार के हथकण्डों को खत्म करें और अपनी तरफ से इस सरकार को मुस्तैदी होने के लिए मजबूर करें । इन शब्दों के साथ, में, डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह अर्ज करना चाहता हूं कि जब तक इस मामले की पूरी छानबीन बिल्कुल गैरजानीबदाराना तरीके से सरकार के दबाव के बगैर नहीं हो सकती, जब तक यह सरकार कायम है, इस सरकार के कायम होने की वजह से. चण्डीगढ में इतना बड़ा जुल्म हो और

एक आनरेबल मैम्बर का पता नहीं चले । डिप्टी स्पीकर साहिबा, श्री जोगिन्द्र सिंह ने जो वाक्यात हम लोगों को लाबी के अदर बताऐ हैं, टाईम थोड़ा है मैं बता नहीं सकता लेकिन इनको लोगो के लिए कारों के अन्दर ले जाया गया ताकि इनको कोई पहचान न सके । इनकी शेर जैसी बड़ी बड़ी मूछें थीं, बेहोश करके इनकी मूछें साफ कर दी गयी । इनका वो रोबदार चेहरा ट्रेजरी बैन्चिज का कोई .मैम्बर उनकी तरफ देख नहीं सकता था । इन की मूछें साफ कर दी गयी और इधर पुलिस के वायरलेस खड़क रहे हैं कि इनको कोई सड़क पर पहचान न ले यह हालत है आज के एडमिनिस्ट्रेशन की । मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस किस्म से हाउस के सामने ये बातें आना, यह कोई मजाक नहीं है । ये ट्रैजरी बैन्चिज वाले आग खेल रहे है' । इन्हें मालूम नहीं है कि बालकोनी पर बैठे हुए हैं । इन्होंने जो यह रवैया अख्तियार किया है बहुत बेहया है । (हंसी) डस किस्म की बातों पर हंसते है' और ये गलत ब्यान देते हैं और कहने है' कि यह जो चिट्ठी भेजी गई है वह अपोजीशन की तरफ से आयी है । यहां पर आनरेबल मैंम्बर, ने कहा है कि चीफ मिनिस्टर ने मेरे से दस्तखत कराये हैं यह सवून मौजूद है ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस रोज आनरेबल मेम्बर को अगवा किया जाता है हरियाणा की गवर्नमैंट हरियाणा सरकार के कर्मचारियों पर मुझे अफसोस आता है कि वे रातों रात सैक्रेटेरियेट से उसका लाईसैन्स इशु करते हैं । आम आदमी लाईसैसं लेने के लिए

महीनों फिरते रहते हैं । डी० एस०पी ०, एस ० पी०, डी० सी० के पास उस को धक्के खाने पड़ते है' नब भी लाईसैसं नहीं मिलता । पहले जब आनरेबल मेम्बर अपनी हिफाजत के लिए लाईसैंस मांगते हैंतो इस सरकार ने उसको लाईसैंस देने से इन्कार कर दिया । उसने अपनी हिफाजत के लिए पुलिस नहीं मांगी अपनी हिफाजत खुद करना चाहता है । मैने पर्सनली चीफ मिनिस्टर साहिब से दरखास्त की लेकिन फिर भी उसकी पिस्तौल का लाईसैंस नहीं दिया गया । मैने उन से कहा कि इनकी जान की हिफाजत का जिम्मेदार कौन होगा । जब आप से वो पुलिस नहीं मांगता है तो उसको हथियार का लाईसैंस दें लेकिन चीफ मिनिस्टर साहिब ने इन्कार कर दिया । ये बातें पिछले सैशन की हैं और उन्होंने उनका रिवाल्वर का लाईसैस रिजैक्ट कर दिया । यह हालत है कि उस दिन रात को ही चीफ मिनिस्टर साहिब लाइसंस उनके सुपुर्द कर देते हैं । इस तरह से यह गवर्नमेंट चल रही सै । यह सरकार चलाने का तरीका है । ये सरकार के कर्मचारी हैं जो इस तरीके से इनके हाथों में खेलते हैं और कांस्टीच्यूशन का मजाक बनाया हुआ है । सरकारी अफसरों को अपने हाथ में कठपुतली नाच बनाया हुआ है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हिन्दुस्तान देख रहा हूँ, हरियाणा की जनता देख रही है कि हरियाणा में इतना बड़ा अन्याय हो रहा है और हरियाणा के साथ तो भगवान भी नाराज हैं । हरियाणा की जनता को भगवान की तरफ से भी सजा मिल रही है । एक तरफ यह अन्यायी सरकार और दूसरी ओर ईश्वर के यहां से ना बारिश हे, न बीजाई है, न बिजली हूँ, न पानी है, न

इन्साफ है, न अफसरों की जमीर रही है और न इन मैम्बरों के अन्दर जमीर रही है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, ऐसे हालात में मैं समझता हूं कोई भी महफूज नहीं रह सकता ।

श्रीमती चन्द्रावती : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस तरह से सारे हाउस को और अफसरों को कन्डेम करना मैं समझती हूं कि राव साहिब जैसे जिम्मेवार मैम्बर के लिए शोभा नहीं देता । It is the contempt of the whole House.

राव बीरेन्द्र सिंह : मैने तो सच्चाई अर्ज को है, वाक्यात सामने पेश किये हैं, आनरेबल मैबंर को रातों–रात दस्तखत करके लाईसैस दिया गया । रात को सैक्रैटेरियेट खुलते हैं क्या और कभी सैक्रेटेरियेट से भी लाइसंस इशु होते हैं? कितना सस्ता इन मैम्बरों को समझ लिया गया है कि रात को लाइसैंस दे कर खुश कर लो । इस तरह से इस हाउस की तौहीन और इस हाउस के आनरेबल मैम्बरों की तौहीन यह सरकार करती है । क्या आप दो दो चार चार मैम्बरो को अगवाह करके या उनको जबरदस्ती बाहर रखके उनकी जमीर खरीद सकते हैं?. मुझे फख होता है यह बात कहते हुये कि चौधरी जोगिन्द्र सिंह जैसे भी जमीर वाले मैम्बर हैं जो कि इस हाउस की शान को बढ़ाते हैं । अगर हमारे अंदर कोई कमी है तो ऐसे मैम्बरों की होंद से वह कमी भी दूर होती है और यह हाउस इज्जत का हकदार बनता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो वति मैने अर्ज की हैं यह एक इवेंट नहीं है, इस किस्म की

इवेंट्स को चेन है जिस से हरियाणा सरकार की पालिसी का पता चलता है । जिस से हरियाणा सरकार ने जो डीमारेलाइजेशन गवर्नमंट एम्पलाईज की कर रखी है उसका पता चलता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा. आप मानेंगे मेरा बात को कि हरियाणा का गरीब आदमी यह उम्मीद नहीं रख सकता कि वह आजादी से अपनी आवाज उठा सकता है । अगर एक मैम्बर हाउस के कैम्पस सै उठाया जा सकता हूँ तो कौन गरीब किसान, इंडस्ट्रिएलिस्ट या ट्रांस्पोर्टर इन के पास अपनी जमीर बेचने से बच सकता है । कारखानेदार जब तंग होगा तो क्यों न वो पैसे दे के सरकार की खातिर सब कुछ करने के लिये तैयार होगा? तो इन वाक्यात के पेशेनजर अपोजीशन की तरफ से और हरियाणा की गरीब जनता की तरफ से जो कि 70 फीसदी के नुमांयदे हैं हमारी सब की यह मांग है और आप भी गवर्नर साहिब को कहें कि जब तक यह वाक्यात खत्म नहीं हो जाते, जब तक अदालत इन की जांच नहीं कर लेती तब तक चीफ मिनिस्टर साहिब कौ अस्तीफा दे देना चाहिये । फिर देखिये क्या होता है? गांधी के नाम पर राज करने वालों का और उनका मान बढ़ाने का एक ही तरीका हूँ और वह यह है कि कुर्सियों पर ही चिपके रहने की खातिर मत इस तरह के काम करो । यह मेरी इन से दरखास्त है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्होंने अपनी तरफ से कोई मैम्बरो हमें अपनी तरफ से नहीं दिया, आज भी यह अपनी मैजोरिटी कौ बढ़ा कर, मैम्बरों को भगा कर अगर यह बजट पास करना चाहते हैं तो हम इनको सहयोग नहीं देगें । हम भारत सरकार और हरियाणा के गवर्नर के

आगे यह मांग रखेंगे कि तब तक हरियाणा की सरकार की किसी कार्यवाही के अंदर हमारा कोई सहयोग न समझा जाये जब तक कि जो बातें मैने कही हैं उन की जांच नहीं करवा ली जाती ।

चौधरी रणबीर सिंह (किलोई) : उपाध्यक्ष महोदया, इस विनियोग विधेयक में जितनी मांगे रखी हैं और जिन विषयों के बारे में रखी है' उन पर मेरा बोलने का कोई विचार तो नहीं था लेकिन विरोधी दल के नेता. ने बजाये कोई कंस्टूक्टिव सुझाव देने के यहां पर एक ड्रामा सा खेलने की कोशिश की है इस लिये मुझे कुछ कहने की जरूरत पड़ी है । मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप से आज्ञा चाहूंगी कि आप हमें भी छूट दें ताकि हम उनकी बातों का जवाब दे सकें । यह एक मामूली सी मांग है, जब विरोधी दल के नेता को पूछा गया कि यह कौन सी डीमांड है तो वह बता नहीं सके हालांकि मांग इसमें मौजूद है । इससे हिसाब लगाया जा सकता है कि हमारे विरोधी दल के नेता कितना पढ़ कर आते हैं । खैर इस तरफ मैं और नहीं जाना चाहता । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने पहले भी इस सिलसिले में कुछ कहा था और अब फिर कहता हूं कि आज जिस तरह से यह ड्रामा किया गया यह सदन से बाहिर बैठे हुये कुछ दोस्तों के प्लैन की एक कड़ी है । इन की एक लगातार साजिश है और वह इस सदन को भंग करना चाहते हैं । इस लिये तरह तरह के ड्रामे वह आज जनता के सामने रख रहे है' । कौन नहीं जानता कि संयुक्त मोर्चा की सरकार के वक्त में उन्होंने कैसे ड्रामे किये थे, इस भवन के दूसरे हिस्से में किस

तरह से उस सदन के सदस्यों को पर्चियां डालने की इजाजत न दी और सरदार बलदेव सिंह जो डिप्टी स्पीकर बने थे उन को पर्ची डालने की इजाजत नहीं दी गई थी? लोग जानते है' कि संयुक्त मोर्चे के भाइयों में कितनी सच्चाई है । विरोधी दल के नेतागण अगर हमें कोई बुराई देते तो हम समझते उनका हक है ऐसा करने का और उनकी आदत भी कुल । लेकिन यह मैं नहीं जानता था कि वहू अपने ही एक मेम्बर के बारे में कहानी निकाल लायेंगे । उन्हेंने यह बताया कि असैम्बली के एक मेम्बर ने केवल एक रिवाल्वर का लाइसैंस लेने के लिये यह लिख कर दे दिया कि मैं अपनी पार्टी छोड़ कर कांग्रेस में आ जाऊंगा । मैं समझता हूं कि कोई मेम्बर भी सिर्फ लाइसैंस लेने के लिये इतने नीचे स्तर पर नहीं आ सकता । (विघ्न)

राव बीरेन्द्र सिंह : आप समझे. ही नहीं ।

चौधरी रणबीर सिंह : आज हम को कहते है कि हमारी गिनती उन से कम है आज तो अच्छा मौका मिला था आपको इम्तहान देने का और जिस वक्त आप के चारों साथी हाजिर थे जिस वक्त यह प्रस्ताव रखा गया था कि चार सदस्यों को सदन के बाकी दिनों के लिये निकाला जाये उस वक्त ताकत आजमाई हौ जाती । प्रजातर के अंदर हार को हार मानना ही अच्छा होता है । प्रजातंत्र में हार को हार मानकर ड़ामा करने से हार जीत में नही तबदील हो सकती । मैं राव साहिब से कहूंगा कि राव साहिब आपने जब पिछले सदन की बैठक चल रही थी तो सदन में उस वक्त बड़े

जोर से ऐलान किया गया था कि हम किसी को दल बदलने के लिये अबैटमेंट नहीं करेंगे कि वह अपना दल छोड़ करके दलबदलू हो जाये । मैं देख रहा हूं कि आज भी वह हाथ हिलाते हैं कि बिल्कुल नहीं करेंगे । आप भी जानते है' मैं भी जानता हूं कि विरोधी दल के नेता राव बीरेन्द्र सिह हैऔर चुने हुये हैं लेकिन इससे फालतू' अबैटमेट और क्या हो सकती कि नेतागीरी भी छोड़कर दुसरे साथी को देने के लिये तैयार हैं. (विध्न). उसको कहते कि वह नेता बन जायें तो और क्या अबैटमेंट होती है? अगर कोई न्यायधीश जांच क रे तो मानना पड़ेगा दु:ख के साथ कि वह राव साहिब को दोषी ठहरायेगा । वह माने या न माने लेकिन इससे बढ़ कर कोई और वड़ा परलोभन नहीं हो सकता कि.. (विघ्न)... यह तो मुझ को मालुम है क्या मैं' उसको नहीं जानना चाहता । हरियाणा के लोग जानते है कि सदस्यों को भगाने की बिमारी किसने शुरू की, कहां से यह चली है और कौन भगाता है इन सदस्यों को ।

श्रीमती शकुन्तला : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । पहले चौधरी साहिब ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया था कि कौन से नम्बर पर बोल रहे हैं । अब हमें इन का पता नहीं लग रहा है कि यह कौन से नंबर की डिमांड पर बोल रहे है'।

उपाध्यक्षा : यह आपका कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है । आपको स्पीच को समझने के लिये अलर्ट रहना चाहिए ।

चौधरी रणबीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदया, मेरी बहन हैं मुझ को गिला नहीं कि वह समझी नहीं हैं और उन को कोई एतराज हो गया । मैं उनको बता दूं कि मैं व्यवस्था के प्रश्न पर नहीं बोल रहा हूं वह अब समझ लें कि मैं मांगों पर बोल रहा हूं । बडे करीव से बोले थे उनके नेता और उन्होंने तो कोई मांग नम्बर नही बताया था मै ने तो मांग भी बताई है । फिर भी अगर मुझ को दोषी ठहराती है तो कोई बात नहीं वह बहन है' बहन भाई से प्यार भी करती है और कई बार गलत वात भी कह देती है । बहन के नाते मुझे उन पर कोर्ट गिला नहीं है बेशक वह मुझे दोषो ठहरा सकती हैं.. (विघ्न) अगर वह जानना चाहती हैं तो मैं फिर मांग का नंबर भी बता दूंगा एक मिनट में । नौ नंबर को मांग हु (एक आवाज : दस है) (हंसी) दस नहीं दस में तो वह भाई कमरे में बैठे थे । वह कहने थे कि वह वहां दस नंबर के कमरे में गये थे । पहले हम कभी गये थे जव अंग्रेरु का साम्राज्य था और उस वक्त दूसरे भाई जो हैं अंग्रेजों के हिमायती थे । उस दस हम दस नंबर में थे आज दस नंबर में नहीं हैं..... (विघ्न)..... आप भी हमारे साथ दस नंबर में थे और आज भी आप दस नंबर बनने की कोशिश में हैं तो हम को तो आप पर रहम ही है । तो उपाध्यक्ष महोदया, यह गिनती की बात करते हैं और कहते हैं कि उन के चार सदस्य बाहर रख कर मांगों को पास करना चाहते हैं । एक बात तो कबूल कर लें कि वह कम हैं । एक नेता इन के ही विरोधी दल के एक नेता खुद मान गये कि वह कम है और राव बीरेन्द सिंह जी उसे टोकते थे कि नहीं तुम गलत कहते हो

लेकिन मैं उन से कहना चाहता हूं सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के असूलो से .. ... मैं कवि नहीं हूं और .मैने कविता कभी कहीं नहीं है लेकिन राव साहिब के ड्रामा ने आज मुझे कुछ कविता कहने का भी मौका दे दिया....... (विघ्न). .. इन्होंने कहा कि वह ज्यादा तादाद में हैं । खैर गिनती भी हो ली और सब ने देख ली । चौधरी मुख्तियार सिंह जी वैठे. है लेकिन उन के साथी मंगल सैन जी चले गये जो बड़े जोर जोर की आवा६ में नारा लभा रहे थे कि बह 28 तारीख को इस सरकार को फैंक देंगे । बड़े वड़े सरकारी कर्मचारी भी कागज जरा दबाते थे कि पता नहीं शायद 28 को कुछ हो जाए । खैर चार तारीख को गिनती हुई तो विरोधी दल 12 राये से हार गये और अगले दिन फिर गिनती हुई तो 13 से हार गये और कल तो भाग ही गये मैदान से । और इन के नेता जो बाहर बैठे हैं कहते हैं कि संयुक्त मोर्चा का राज आ रहा है । ठीक है आ रहा होगा लेकिन एक बात मैं मान सकता हूं उनकी कि जो जाल उन्होंने बिछाया था उस जाल में राव बीरेद्र सिंह और चौधरी मुख्तियार सिंह फंस रहे हैं । राज उनका तो आ नहीं सकता है लेकिन अगर पहते की तरह सारे ही मैम्बर खड़े हो जायें और कोई न बात करने दें और न कुछ सुनने दें तो राष्ट्रपति का शासन आ सकता है अगर वह चाहें तो । लेकिन उस से इन को डर भी लगता हूँ (हंसी) क्योंकि उस का तजरुबा देखा । उन का राज रहता तो यह समझते थे कि पर्चियों में बड़ी आसानी से शायद हेरा फेरी करके जीत जाते..... (विध्न).. आज हमारे विरोधी दल के नेता संयुक्त मोर्चे की बातें करते हैं और उस

की अच्छाइयों की बातें करते है और कांग्रेस की बुराइयों को बताते हैं । लेकिन यह बताते हुए मेरा सिर शर्म से नीचा न होता कि हरियाणा के सब से बड़े क्रातिंकारी पंडित मांगे राम जी मडोठी के रहने वाले थे । उपाध्यक्ष महोदया, विरोधी दल के नेता जब मुख्य मंत्री थे तो इस हरियाणा प्रदेश में एक उप–चुनाव हुआ था । जिस आदमी ने 12 साल देश की आजादी के लिये जेल में काटे और हमेशा अपनी जिदगी को हथेली पर लिये पिरे उस की उस उप–चुनाव में पर्ची न डालने दी जावे इस से बुरी बात और क्या हो सकनी हूँ । मै किसी गरीब हरिजन की बात नहीं कहता किसी गरीब व्यापारी की बात नहीं कहता मैं उस क्रातिकारी की बात कहता हुं जिस ने चौधरी सर राम के खिलाफ चुनाव लड़ा था जब कि अंग्रेज का राज था और अंग्रेज का राज जमींदार लीग की हिमायत में था । आप देखें जो आदमी उस वक्त भी चुनाव लड सका बह आदमी हमारे विरोधी दल के नेता के राज में पर्ची न डाल सका । ऐसा राज वह हमें देना चाहते हैं और उस का डरावा हमें देना चाहते हैं । प्रजातंत्र में हार भी होती है और जीत भी होती है । मै एक महंत बाबा जी से हार गया था क्योंकि पर्ची का सवाल कप और हार कबूल को और हार हो जाए नो कबूल करनी चाहिए । मैं कोई याचिका वाचिका लेकर कहीं नहीं गया, समझा लोगों ने हरा दिया तो ठीक है लोग जिता दें तो ठीक है । मैं राव साहिब का मशकूर ह कि मेरा नाम नहीं लिया लेकिन हमारी सव की तरफ इशारा कहा कि उधर बैठे भाई उन की मदद से जीते हैं । जितने भाई उधर बैठे है‘ उन की हमने सिफारिश की

थी तो टिकट मिला तो वह जीते । हमें कैसे बनाने वाले आ गये वह । जिन भाइयों का नाम लिया है उन सं पहले हम सदन के मेंबर बने थे हम ने बनाया था उन को । यह ठीक है चौधरी चांद राम जी ने 1967 के चुनाव मे मेरे ऊपर मेहरबानी की थी और वह मेरे साथी थे और हमारे मंत्री थे और पंडित भगवत दयाल मुख्य मंत्री थे लेकिन न ही पंडित भगवत दयाल और न ही चौधरी चांद राम की ही हिमायत मुझे उस वक्त बचा सकी और न ही मेरी अपनी हिमायत मुरके बचा सकी और मैं एक बाबा जी के मुकाबले में साढ़े आठ हजार वोट से हारा । ठीक हूँ लोगों के अख्तियार की बात है और इस में कोई बात नहीं है और इस बार मैं चौधरी चांद राम जी की मुखालफित से भी जीत आया । हां इस । लिये तो मैं कहता था. .... (विघ्न)..... इन्होने इश्तहार दिया था जब वह उप– मुख्य मंत्री थे और फिर भी हार गया लेकिन अब इस इश्तहार से जीत गया । अब की बार इशत हार का इतना असर हो गया है न जाने भगवान ही मदद– पर आ गया और आसमान टूट कर गिर गिर होगा । एक बात मै जरूर कहता हूं कि हार को हार मानना कबूल करे । हम को कहते है. कि हम राष्ट्रपति शासन से डरते है हम नहीं डरते हैं । आप के नेता आप को उसमें धकेल रहे है । भै कहता हूं कि इस धोखे से बचो अगर बचना चाहते हो । कल जो कुछ विरोधी नेताओं ने काम किया है वह बहुत समझ का काम किया क्योंकि इस काम ने प्रदेश को राष्ट्रपति राज के मुंह में जाने से रोक किया पता नहीं कितने दिनों तक रोके रखेंगे । आज फिर उस जादू का असर हो गया मुझे ऐसा मालूम पडता

है । मै जानता हुं कि कई 'भाई इसके साथ सहमत होंगे, मे उन भाईयों का नाम नहीं लूगा क्योंकि प्रजातन्त्र में बड़ी बड़ी बातें होती है । प्रजातन्त्र में बडे बड़े दरखत उखड़ जाते है, इन का तो क्या क्हना । पहले हम भी इसी तरह उखड़े थे और फिर उखड़ कर लग गये । लेकिन जो दूसरे भाई नये नये लगे हुए हैं, जिनको विशेष जानकारी नही है, वे शायद एक ही आंधी के झोंके से उड़ जायेंगे, एक छोटी सी आंधी ही उन के लिए काफी है । इस लिए मैं उन भाईयों से कहता हूं कि वे इस आंधी से बचें और देश को जो हम लोग धोखा दे रहे हैं उसे अवाईड करें । मैं राव साहिब से कहना चाहता हूं कि हरियाणा में 1968 के चुनाव में देश को अच्छा रास्ता दिखाया मै समझता हूं कि यह सही रास्ता था, न जाने वह रास्ता गलत था या सही, उसके बाद देश में एक आंधी आई जसका असर लोगों पर पड़ा और उसके साथ ही एक और आंधी आई । हमने लोगों को उस आंधी में सही रास्ता दिखाया । राव साहिब कहते है कि हम आठारहवी सदी में बदल गये हैं । ले किन हम ने जनता को तो रास्ता दिखा दिया और जनता समझ गई, अगर आप नहीं समझे तो हमारा क्या कसूर है, आप को समझ का कमर हो सकता ह, (इन्ट्रप्शन) । मैं समझता हुं कि राव साहिब बहुत समझदार हैं, उन्होंने कल बड़ी समझ से काम लिया है, राव साहिब की समझ थी जो बचा गई ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपने अपनी मेजारिटी तो दिखाई ही नहीं, बड़ी जबर्दस्त मेजोरिटि बना रखी है ।

चौधरी रणबीर सिंह : राव साहिब, आप के भाई जो गिनती करने वाले हैं । आपने उन को बहुत दूर बैठाया हुआ है, उनको राव साहिब के साथ बैठना चाहिए था क्योंकि हम से गिनती मे कई दफा गलती हो जाती है, गिनती करने वालों को दूर न बैठाएं, बाबु सत्यानारायण जी को अपने करीब बैठाओ.... (इन्ट्रप्शन)

श्री सग्यनारायण सिंह : आन ए प्वायट आफ आर्डर, सर । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इन से पूछना चाहता हूं कि ये कौन सी गिनती की बात कर रहे हैं । रू यह जातुपाने के बाई इलैक्शन की गिनती का नम्बर गिना रहे हैं । या किसी और का? (इन्ट्रप्शन)

उपाध्यक्षा : यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है ।

चौधरी रणबीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदया, मैं विरोधी दलों के सदस्यों जैसी बातों का आदी नहीं हुं, मै कबूल करता हूं कि जातुसाने के बाई इलैक्शन में आप जीते और हम हार गये, इसमे शर्म की कौन मी बात है क्योंकि प्रजातन्त्र मे कोई कभी जीता है और कभी कोई हारता है । राव साहिब, हार कर उधर चले गये जो यहां बैठे थे । यह प्रजातन्त्र का एक नक्शा है, एक झांकी है । प्रजातंत्र की झाकी को देखने से इन्कार करना, इससे काम नहीं चलता, मानने से काम चलता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने जो शुरू किया था उस पर आना चाहता हूं कि कल जो ड्रामा खेला वह बहुत अच्छा खेला लेकिन आज फिर पिछले ड्रामे का असर दोबारा आ गया उस जाल में फंसने का फिर इरादा हो गया क्या?

इतना अजीब ड्रामा सुनाया गया जिसको कोई समझकर मान नहीं सकता कि श्री जोगिन्द्र सिंह जी, जो कि इतने मजबूत, बहादुर मेम्बर हैं, उन्हें कहे कि हम उठा ले गये और उन से यह कहलवाया गया कि उनकी एक दरखास्त थी जिस पर चीफ मिनिस्टर साहिब ने लाईसेंस दे दिया और उन्होंने एक का कागज पर लिख दिया जिस में पार्टी छोड़ने की बात लिखी है कमाल का ड्रामा खेला है । क्या यही हमारा स्टेंडर्ड है? हिन्दुस्तान की लोक सभा और राज्य सभा में एक कानून पास किया गया था राव साहिब कि हर सदस्य को नहीं, बल्कि हर हिन्दुस्तानी को हथियार रखने का जन्मसिद्ध अधिकार है । मुझे पता नहीं यह सही है या गलत है, आपके समय में भी शायद यह प्रथा चलती रही होगी । रोकों, अगर कोई खराब प्रथा अभी चलती आई हो । उसकी रोक दो, उसको बदल दो, मै आपके समाने हाथ जोड़ता हूं.... ।

मलिक मुख्तियार सिंह : चौधरी साहिब, हाथ जोड़ दो, फिर रुकेगी यह प्रथा ।

चौधरी रणबीर सिंह : तो फिर क्या सीखोगे, अगर प्रजातन्त में अपने हाथ जोड़ना भी नहीं सीखा तो क्रा सीखा? डंडा तो मार नहीं सकते, अगर आप नहीं सीखे तो आपको सिखा देता हूं, खुद हाथ जोड़ कर सिखा देता हूं । हाथ जोड़ना तो ठीक है लेकिन जो ड्रामा आपने कल खेला है यह कहीं नहीं ले जायेगा । इस लिए ऐसे ड़ामे' करना न सीखें । चौधरी नेकी राम के बारे में कौ–आप्रेटिव सोसायटी मन्जूरी दिलवाने का लांछन लगाया है ।

कितनी को–आप्रेटिव सोसाईटियां बनाई गई हैं । कितने जुल्म की बात है कि लोग को–आप्रेंटिव सोसाईटियां बनायें और हम उन को रोकें, यह मेरी समझ में नहीं आई । राव साहिब, मैं आप से पूछता हूं कि क्या आप के शासन चलाने का यही तरीका था कि लोग को–आप्रेटिव सोसाईटियां बनाना चाहें तो आप उसको रोकते रहें और अगर सरकार न रोकती हो तो अदालत के जरिये रोके देते हैं । कमाल की बात है, यह तो चन्द आदमियों का शासन हुआ जो आपने बनाया था, प्रजातन्त्र का नहीं था । राव साहिब, मैं 1945 में कान्स्टीव्चूएंट असंम्बली का मैम्बर था जब आप फौज के आफिसर थे । अगर हम भी इसी तरह की सोसाईटिया बनाते तो आपको उधर बैठने का मौका न देते । हम तो कहते हैं कि सब को मौका मिलना चाहिए । जब सब को सोसाईटियां बनाने का मौका है फिर भी अगर थाप अदालत के पास जाते हैं । तो आपको खुद शर्म महसूस करनी चाहिए... (व्यवधान)

राव बीरेंद्र सिंह : जब नाजायज काम करते हैं तो अदालतों में जाना ही पड़ता है ?

चौधरी रणबीर सिंह : आपकी एक बात के साथ मैं सहमत होता हूं मुझे मालूम नहीं कि यह सरकार के कर्मचारियों ने स्वयं किया या सरकार की सलाह से किया कि कालेजों के चुनावों के समय में जो पुलिस भेजी गई यह कोई अच्छा काम नहीं था । अगर कालेजों में पुलिस सरकार की मर्जी से गई तो सरकार को इस वातपर अफसोस करना चाहिए और अगर पुलिस अपने आप गई तो

पुलिस के अफसरों को समझाना चाहिए । जो आफिसर गल्ती करते हैं उनको समझाना चाहिए कि राव साहिब के राज के जो तरीके हैं वे अब बदले जा रहे हैं, आप भी बदल जाएं । वे तरीके बदलने चाहिएं और बदले जायेंगे । राव साहिब, गुस्ताखी माफ करना, मै आप का नाम बार बार इस लिए ले रहा हूं ताकि आपका नाम जिन्दा रहे क्योंकि राव साहिब को एक मुश्किल हो गई है कि जो भाई इस सदन के मैम्बर नहीं हैं वही उनको हटाना चाहते हैं । अगर मैम्बर हटा दे तो मुझ को कोई गिला नहीं । राव साहिब ने खुद कहा था कि पहले मैने तो बड़े बड़े मुमताज ओहदे हासिल किय और एक मुमताज ओहदा अब मिला है विरोधी दल के नेत्रत्व का और वह ओहदा भी दूसरों को देना चाहते हैं । राव साहिब, आप राव बलबीर सिंह के बेटे और राव तुलाराम के पोते हैं, कहां इन बातों में आ गये हो । या तो आप कबूल करो कि मैंसव कुछ कुर्बान करने के लिए तैयार हूं, अगर नहीं तो हौसला रखो । वे बाहर खड़े थे यानि इलैक्शन नहीं लड़ रहे थे और आपको हराना चाहते थे, लेकिन फिर भी आप जीत कर आये । हमें इस बात का कोई एतराज नहीं कि मुख्य मन्त्री क्यो बने थे, एक कायदे के मुताबिक मुख्य मन्त्री बने और बाद में राव साहिब आपस में गिला करते रहे ।

उपाध्यक्ष महोदया, सदन मे' जो ड्रामा किया जाता है, वह अच्छा नहीं है, हमें इस ड्रामें को बन्द करना चाहिए । हरियाणा में दो बार देश को नये रास्ते दिखाये, पता नहीं कहां तक गलत थे या

सही थे । लेकिन हमें इंगलैड की तरह यह साबित कर देना चाहिए कि यहां पर भी कांग्रेस पार्टी एक या दो मैम्बरों की मैजारिटी के साथ राज चला सकती है, अगर राव साहिब भी साथ दे दें तो बड़ी खुशी की बात होगी । हम इस थोड़ी सी मेजारिटी के साथ ही राज चला सकते हैं । और हरियाणा की जनता के साथ भी फैसला कर लेंगे । अगर जीत गये तो भी ठीक है अगर हार गये तो हम हर मान लेंगे । (व्यवधान)

एक आवाज : सीवन फायरिंग में आप ही का भतीजा था (व्यवधान) ।

चौधरी रणबीर सिंह : उपाध्यक्ष महेदया, मै तो इसको भूलना चाहता था लेकिन कई माननीय सदस्य बताते है कि जिस डी० एस० पी० का नाम लिया जाता है, वह आप का ही भतीजा था । कोई मानयोग सदस्य बता दें कि जिस डी० एस०पी० का नाम लेते हैं, क्या वह वहां हाजिर था? वह चूकिं चौधरी रणबीर सिंह का भतीजा है, तो क्या जरूरी है कि इसी कारण से उसको मुल्जिम बनाना है? बाहर तो कहते है कि तुमको मुख्य मन्त्री बनाना है मगर यहां कई एक मैम्बरों से नाम बुलाते हैं कि उसके भाई को, उसके भतीजे पर धक्कम–धक्का करने का लाछन लगाते हैं ।

मेरे बारे में तो आप एक बात कबूल करें कि ये बातें रणबीर सिंह के ऊपर असर नहीं करेंगी न कर सकती हैं । मैंतो इस बात को मानता हूं कि अगर कुछ सरकारी मुलाजिमों ने, लोगों की, चाहे वे

हरिजन हों या शक्तिशाली हों, नसबन्दी जबरदस्ती करने की कोशिश की है तो वह गलत है । उपाध्यक्ष महोदया, मुझे तो इस बात का भी विश्वास नहीं है कि इस सरकार की तरफ से इस प्रकार की सख्ती की जा सकती है । सीवन की दुर्घटना से पहले का ए क वाक्या मै आपको सुनाता हूं । खान अब्दुलगाफर खां भी वहां मौजूद थे । एक सदस्य ने मुख्य मन्त्री जी से कहा था कि नसबन्दी की जबरदस्ती की जाती है । उस सदस्य की बात सुनकर मुख्य मन्त्री जी ने हमारे सामने करनाल के डिप्टी कमिश्नर को कहा कि इन शिकायात में जान मालूम देती है और आप इन शिकायात को नहीं आने दें । हम नसबन्दी चाहते हैं, हम फैमली प्लैनिंग को बढ़ावा देना चाहते हैं । लेकिन जबरदस्ती नहीं । मैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बात को छुपाना नहीं चाहता कि मुख्य मन्त्री जी ने जिस वक्त यह बात कही थी, बड़े जोर से कही थी । मैंने मैने तो मुख्य मंत्री जी को कभी इतने जोर से बोलते नहीं देखा था । मेरी तो आदत है कि मै जोर से भी बोल जाता हूं और गुस्से से भी बोल जाता हूं मगर मेंने मुख्य मन्त्री जी को इससे पहले बड़े नर्म बोलते देखा था ।

चौधरी चांद राम : इसके बावजूद भी गोली चल गई?

चौधरी रणबीर सिंह : गोली चल गई या न चल गई, यह तो अदालत बताएगी, मुझे तो कुछ बताना नहीं है कयोंकि अदालत का मामला हो गया हूँ । मगर मै तो इस बात को मनाता हूं कि अगर कसूर मेरा है तो मुझे फांसी लगनी चाहिए और अगर कसूर दूसरे

का है, चौधरी साहिब का है, तो मै तो उनसे यह भी नहीं कहूंगा कि चौधरी साहिब अफसोस भी जाहिर कर दो । डिप्टी स्पीकर साहिबा, प्रजातंत्र मे हम लोग कई बाते करते हैं । सच और झूठ कह देते हैं लेकिन मेरा अपना विश्वास है कि हमें इस सदस्य की बात को सच्ची ही बात माननी चाहिए । जब तक वह बात झूठ साबित न हो जाए, चौधरी चांद राम जब तक अपना दोष न मान लें तब तक हमें इनके ऊपर दोष नहीं लगाना चाहिए । खैर, चौधरी चांद राम जी अगर गरीब आदमियों की हमदर्दी के कारण कोई बात कहें तो और बात है । इस से मै भी उनके साथ सहमत हूं कि हमें गरीब आदमियों की हमदर्दी करनी चाहिए । ऐसी बातें करना मेरा भी फर्ज है उन का भी और दूसरे सदस्यों का भी कि प्रजातंत्र के शासन में किसी गरीब आदमी के साथ धयका न हो । अगर कहॉ बकयदगी से कोई धमकी करे या करने की कोशिश करे, चाहे नेकी के लिये करे या नशाबन्दी के लिये करे, सरकार का फर्ज है कि उसको रोके । इससे मैं सहमत हूं।

राव बीरेन्द्र सिंह : सरकार न रोके तो मैम्बर का क्या फर्ज है?

चौधरी रणबीर सिंह : वह तो आप ज्यादा जानते हैं । मुझे कुछ बताने को आवशकता नहीं हूँ । ही, अगर आपकी तरह से मेरे दिमाग में हवा चढे तो मैं भी बता दूं ।..... (विध्न)..... वह तो मैं जानता हूं. । वह आप भूल गए । करने. वाले होते तो यह न करते जो आपने करा दिया । उपाध्यक्ष महोदया, मैं कोई बात छुपाया नहीं करता पंडित भगवत दयाल जी जो पहले मध्य मन्त्री

थे उन्होंने जब विरोध का बीड़ा उठाया । मैंने उस वक्त भी उनसे कहा था कि शान्ति करो । शांतिसे पार्टी में सब मसले तय हो सकते हैं । उपाध्यक्ष महोदया, मेरे सामने हमारे प्रधान ने अखबारनवीसों को कहा था कि अगर पार्टी के अन्दर किसी को कोई शिकायत हो तो उसका हल पार्टी के अन्दर ही किया जाना चाहिए । इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा था कि अगर अपनी शक्ति का इम्तहान भी कोई करना चाहे तो उसे भी पार्टी के अन्दर रह कर किया जा सकता है । तो अगर हमें बंसी लाल जी से कोई नाराजगी होगी तो अपनी पार्टी में शक्ति अजमायेंगे । दूसरों का सहारा लेने जायेंगे तो कमजोरी मानी जायेगी । कमजोर क्यों बने? मजबूत रहना चाहिए । राव साहिब, आपको शक्ति मिली है, कमजोर न बनो, शक्तिशाली रहो । अगर शक्ति है तो जो पकडे रहना जोर के आगे झुका नहीं चाहिए । हमारे दुःख पर क्यों नमक छिडक्ते हो? (हंसी) यह कोई अकलमंदी नहीं बताएगा । (विध्न) मैं मानता हूं, राव साहिब ऐसा करने वाले नहीं हूँ । ये तो अगले को ही फंसाना चाहते है । दो होशियार आदमियों का मुकाबिला चल रहा है । यह जो सबेरे ड्रामा हुआ वह भी आपने अच्छा नहीं किया । कल वाला बड़ा बढ़िया था । आपने सबर से काम किया । लेकिन आज वाला ड्रामा फिर गलत दिशा में चल पडे । जरा रोजाना इस तरह से न किया ए । आपकी जब भी मीटिंग होती है. मेरे. पड़ौस में ही होती है । मेजर अमीर सिंह मेरे साथ आए थे । आज सुबह भी मैं बलवन्त राय तायल की कार में आया था..... ।

चौधरी जी सुख : जो ड्रामा आप लिखकर डैस्क पर भेज देते हो वह पढ़ना तो पड़ता ही है ।

चौधरी रणबीर सिंह : यही तो गिला है । मैं तो लिखकर भेजता नहीं । मेरे पहले जो लीडर थे, वे भेज देते होंगे । खैर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके द्वारा इन दोस्तों से प्रार्थना करूंगा कि वे हमारे लिखे हुए ड्रामे मत पढ़ा करें वरना फंस जायेंगे ।... (विध्न)

एक सदस्य : कल जो फँसा दिए आपने ।

चौधरी रणबीर सिंह : हमने तो नहीं फंसाये । आप लोग तो खुद फर्मे । मैंने कब कहा था कि चार चार खड़े हो जाओ । राव साहिब खडे सियाने हैं । विरोधी दल के नेता होते हुए भी उन्हें सलाह नहीं दी कि भाई ऐसा मत करो । तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर सीवन की तो सजा मिल जाए मगर यहां की सजा न मिले तो न्याय अच्छा नहीं होगा ।

राव बीरेन्द्र सिंह : सीवन की राजा दो, हम मान लेंगे ।

चौधरी रणबीर सिंह : मैं तो यह समझता हुं कि रहम की दरख्वास्त कबूल हो नी चाहिए और मुझे उम्मीद भी है कि हुमारे नेता जरूर ऐसी दरख्वास्त को कबूल करेंगे । वे जरूर इस बात को सोचेंगे कि राव साहिब जो इतने बड़े आदमी है जब वे एक दरख्वास्त लेकर आए हैं तो उसे जरूर कबूल करना चाहिए । लेकिन मेरी

आपसे यह प्रार्थना है कि फिर यह न कहना कि हम गिनती में ज्यादा हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : ज्यादा तो हैं ही ।

चौधरी रणबीर सिंह : अगर आप इन चार को अपने साथ प्लस भी कर ले तब भी बहुत कम हो । ये तो सारी कहने की ही बातें हैं । सचाई जो है सो है ही लेकिन फिर भी अगर आप हमें मौत की तरफ ले जाना चाहते हो तो वह बात दूसरी है.... (हंसी)..., (चौधरी चांद राम और श्री चन्दासिंह आदि कुछ सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए)

उपाध्यक्षा : देखिए, इस वक्त 12 बजने में करीब 13 मिनट हैं । साढ़े बारह बजे मैने गिलोटिन एप्लाई करना है । उसके बाद कोई मैम्बर नहीं बोलेगा । 15 मिनट फाईनेन्स मिनिस्टर साहिबा भी बोलना चाहती हैं । इस लिए, जो भी बोलना चाहें कहे सवा बारह बजे से पहले पहले अपनी स्पीच खत्म करनी पडेगी । राव बीरेन्द्र सिंह. चौधरी रणबीर सिंह सब की तरफ से बोल गए । अब आप इधर टाईम दे दीजिए ।

उपाध्यक्षा : चौधरी चांद राम ।

चौधरी चंदा सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह माना कि यहां दो पक्ष बैठे हैं । एक इधर और एक उधर, मगर बीचमें हम भी बैठे हैं । हमें भी टाईम मिलना चाहिए ।

उपाध्यक्षा : मै इस चीज को मानती हूं । इस लिए मैं चौधरी चांद राम जी से प्रार्थना करूंगी कि वे कृपया पांच मिनट में अपनी स्पीच खत्म कर दे ताकि मैं 10 मिनट चौधरी चन्दा सिंह जी को दे सकूं ।

चौधरी चंदा सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, अपाको हमारा भी ध्यान रखना चाहिए । वे तो बार बार बोलते रहते' है' ।

उपाध्यक्षा : आल राईट । चौधरी चांद राम जी, अगर आप मेरे से एग्री करें तो चौधरी चन्दा सिंह को पहले दस मिनट का टाईम दे दूं । उसके बाद आप बोल लेना ।

चौधरी मुख्तियार सिंह : डिंप्टी स्पीकर साहिबा, आन–ए–प्यायंट आफ आर्डर ।

उपाध्यक्षा : देखिए इसमें प्यायंट आफ आर्डर की कोई बात नहीं है । अगर आनरेबल मैम्बर इस चीज को मान जायेंगे तभी मैं चन्दा सिंह जी को बोलने के लिए कहूंगी अदरवाईज चांद राम जी ही बोलेगे क्योंकि मैं उनका नाम ले चुकी हूं ।

चौधरी मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्यायंट आफ आर्डर है रू उपाध्यक्षा रू अच्छी बात ।

चौधरी मुख्तियार सिंह : चौधरी चंदा सिंह जी ने अभी क्रूहा कि एक पक्ष इधर धैठा है और एक पक्ष उधर बैठी है और बीच में वे बैठे हैं इस लिए उन्है भी खोलने के लिए टाईम मिलना चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, बार बार लिखते लिखते तो कमल की स्याही भी सूख गई कि वे गवर्नमेंट के पक्ष में हैं । इसलिए आप के द्वारा मैं उन से चाहूंगा कि वे अपनी पोजिशन को वाजेह करें कि वे किधर हैं । इस तरह तो वे हाउस को मिसलीड कर रहे हैं । यह कच्छी आजादी हुई ।

विरोधी दल की तरफ से कुछ सदस्य : चौधरी मुख्तियार सिंह जी ठीक कहते हैं ।

Deputy Speaker : But still he is an Independent.

Rao Birender Singh : He is trying to mislead the Chair.

उपाध्यक्षा : चौधरी चान्द राम जी आप 20 मिनट तक बोल सकते हैं यानी 12 बज कर 10 मिनट तक..

मलिक मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने भी जरूर बोलना है चाहे आप इनको 12 बज कर 10 मिनट तक टाईम दे या कितना ही दे । हाउस को कितने ही देर के लिए चलाये लेकिन मैंने जरूर बोलना है ।

उपाध्यक्षा : अगर हाउस का टाईम बढ़ेगा तो, मैं आपको जरूर इजाजत दे दूत ।

राव बीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, वे एक ग्रुप के लीडर हैं । उन्होंने एप्रोप्रियेशन बिल पर बोलना है....

Malik Mukhtiar Singh has his priority. He is Leader of an

Independent Group. He cannot be ignored. Similarly, Chaudhri Chand Ram is army Leader of another Party. He too has to be given time, whereas Chaudhri Chanda Singh is nowhere.

मलिक मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ...

उपाध्यक्षा : चौधरी मुख्तियार सिंह जी, मैं जो कुछ कर रही हूं ठीक कर रही हूं । जिसको मै ठीक समझती हूं उसको मैं टाईम दे रही हूं । इन बातों से आपक कोई ताल्लूक नहि है ।

मलिक मुख्तियार सिंह : हमारा ताल्लुक बोलने से है ।

वित्त मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो शब्द मुख्तियार सिंह जी ने कहे हैं ये चेयर की डिगनिटी के खिलाफ हैं । इस लिए ये कार्यवाही से एक्सपन्ज कराये आर्ये ।

उपाध्यक्षा : ये शब्द कार्यवाही से एक्सपंन्ज कर दिये जायें ।

चौधरी चांद राम (बबैन, एस० सी०) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार कहती है कि हम बड़े स्टेबल हैं । अभी मेरे भाई कह रहे थे कि गवर्नमैंट बड़े मजे से चल रही है । हम मेजारिटि में हैं । आखिर डैमोक्रेसी का मतलब ही राह है कि एक पार्टी की गवर्नमैटं हो । ठीक है कि चुनाव में कांग्रेस के 48 आदमी जीत कर आये थे । लेकिन आज क्या कोई सरकारी बैन्चिज पर बैठने वाला आदमी यह कह सकता है कि हम 48 आदमी कांग्रेस टिकट पर जीते थे और उनकी तादाद उतनी ही है? नौ दिसम्बर को 15 आदमियों ने कांग्रेस छोड़ी और एक आदमी ने एलान किया कि मैं

बाद में इस्तीफा दे दूंगा । अब आप देखिए 48 में से 15 आदमी अगर निकाल दिये छाये तो केवल 33 रह गये ।

चौधरी सरूप सिंह : प्यायंट आफ आर्डर, सर । मैं आपकी मार्फत यह पूछना चाहता हूं कि ये किस चीज पर बोल रहे हैं?

चौधरी चांद राम : आप तो चौधरी सरूप सिंह जी, डिप्टी सपीकर भी रहे हैं । आपको सब चीजों का मालूम है । मैं गवर्नमेट का रुप, गवर्नमैटं का ढांचा, ये गवनंमैंट कैसे रन कर रही है । यह गवर्नमैंट कांग्रेस पार्टी की या किसी और को भी साथ मिलाये हुए है ।

चौधरी सरूप सिंह : प्यायंट आफ आर्डर, सर डिप्टी स्पीकर साहिबा यह जो बहस चल ग्ही है यह एप्रोप्रियेशन बिल पर हूँ । चौधरी चांद राम जी स्ट्रेक्चर, ढांचा इनके बारे में फरमा रहे हैं । तो इस पर मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं।

मलिक मुख्तियार सिंह : यह आपके लिए..... (शोर)

उपाध्यक्षा : चौधरी मुख्तियार सिंह पहले एक आदमी प्यायंट आफ आडंर पर वोल रहा है । इसलिए आप बैठ जाइये ।

चौधरी सरूप सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कह रहा था कि इस तरीके से तो ये डिबेट कहीं नहीं रुकेगी । हमारे रूल है, प्रोसीजर, है । उन्ही रूलों के अनुसार डिबेट रेगूलेट करनी चाहिए । बहस एप्रोप्रियेशन बिल पर चल रही है. इसका मतलब यह तो

नहीं कि उसमें सारी पार्टी की भी बांतें शामिल हो जायें । जव ये चीजें कायदे के मुताबिक नहीं है तो मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं ।

Deputy Speaker : All right, I admit your Point of Order, and I will give my ruling there on later. Then, w s another point of Order also

सूबेदार प्रभु सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सारे हाउस में आपोजीशन ने जब इन्फर्मेशन की बजाए रिऐकशन किया है तो हरिजन मेम्बर को भी करने दे । यहां हरिजन मेम्बर पर पाबन्दी क्यों लगायी जा रही है ।

उपाध्यक्षा : यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है । अभी मेरे सामने चौधरी सरूप सिह जी यह कोई प्वायंट आफ आर्डर आया । मैं मानती हूं कि एप्रोप्रियेशन बिल पर ही बोलना चाहिए मगर फिर भी हाउस की रवायात यह रही है कि मेम्बर अक्सर इन बातो पर भी बोलते हैं । लेकिन फिर भी इतना ज्यादा स्ट्रिक्ट नहीं होना चाहिए । मै मेम्बरों से यही कहुगी जैसा प्रोसीजर है, उसी के अनुसार बोलें । ज्यादा कोशिश एप्रोप्रियेशन बिल पर ही बोलने की करें ।

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा कुछ टाईम तो प्वायंट आफ आर्डरों में ही चला जायेगा । मैं तो गवर्नर एडरैस पर भी कुछ नहीं बोल पाया था ।

उपाध्यक्षा : आप बोलिए 15 मिनट हैं ।

चौधरी चांद राम : जहां तक चौधरी सरूप सिंह जी के एतराज का सवाल है । एप्रोप्रिएशन बिल में सारी गवर्नमैंट ने डिमान्डज पेश की है इसलिए हम बोल सकते हैं । मै इस गवर्नमंट का रूप बता रहा हूं आया यह गवर्नमंट बहैसियत कांग्रेस मेम्बरों के मेजारिटि में है या नहीं । आज 48 मेम्बरों में से 9 मेम्बर इधर बैठे हैं और जिन में से ह आदमी यकेबाद दीगरे वापिस चले गये । अब आप देखिए आप के 9 आदमी निकल गये तो 39 आदमी रह गये । एक आदमी पेटीशन में हार गया । उपाध्यक्षा. आप एप्रोप्रियेशन बिल पर बोलिए ।

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह बता रहा हूं कि गवर्नमैंट का कितना बहुमत है । अभी चौधरी रणबीर सिह जी फरमा रहे थे कि हम मेजारिटि में हैं । मैं यह जानना चाहता हूं, यह हाउस जानना चाहता है और हम जनता को बताना चाहते हैं कि जो कांग्रेस के 48 मेम्बर जीत कर आये थे वे कांग्रेस की तरफ बैठे हैं या कम बैठे है । यह फैसला हम को करना है । ये रोज दल बदल, डिफेक्शन की बातें करते है दल बदल कराके मेजारिटि में कहते हैं । और इसीलिए वे एप्रोप्रियेशन विल लाये हैं परन्तु उनको कोई हक नहीं पहुंचता है कि वे यह बिल लाते । आज बड़े से बड़ा हिन्दूस्तान का लीडर यह कहता है कि दल बदल खराब है । आज जो ट्रेजरी बेन्चीज पर बैठे हुए वे दल बदलूओ के बलबूते पर मेजारिटि में बैठे हुए हैं । मैं इस बात को दोहराना नहीं

चाहता कि इन्होंने चार मैम्बरों को सस्पेंड किया और फिर यहां हाउस में अपनी मेजारिटि दिखाते हैं । लेकिन में इतना जरूर बता देना चाहता हूं कि जिस गवर्नमैटं ने ये सप्लीमेंटरी एस्टीमेट पेश की है, क्या वहू पार्टी मेजारिटि में है? वह पार्टी मेजोरिटि में नहीं है । मैं उन भाईयों को जो दो तीन भाई उधर शामिल हुए हैं उनको बता देना चाहता हूं कि मै तो उन आदमियों में से हूं जो टिकट बांटने वालों में से थे । बहुत से भाई उधर ऐसे बेठे है जिन के बारे में मै ने खुद कहा था कि इनको टिकट दी जाए । (विघ्न) मैं उन को जिनाने वाला था, उनके चचा साहिब मेरे पास आए थे और उन्होंने कहा था कि हमारी मदद कीजिए हम आपोजीशन के साथ रहेंगे । (शोर)

12.00.oon

चौधरी राजेन्द्र सिंह : आन ए प्यायंट आफ पर्सनल एक्सप्लेनेशन, सर । चौधरी चांद राम जी ने ठीक कहा, यह कांग्रेस के मिनिस्टर थे... (विघ्न) ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर, जब एक मैम्बर बोल रहे हों हाउस के अन्दर उस पर अगर किसी ने पर्सनल एक्सप्लेनेशन देना हो तो वह स्पीच के एण्ड में होता है । इस लिए आप को इन्हें रोकना चाहिए ।

उपाध्यक्षा : यह चेयर की मर्जी होती है, आप चेयर को चौक नहीं कर सकते ।

चौधरी राजेन्द्र सिह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कह रहा था कि चौधरी चांद राम जी डिप्टी चीफ मिनिस्टर थे कांग्रेस के और मैं कांग्रेस का 1967 में उम्मीदवार था । मैने जलसा करवाया था लेकिन चौधरी चांद राम जी ने कांग्रेसी होते हुए इन्डोपैंडैंट के हक में स्पीच दी थी ।

मलिक मुख्तियार सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं प्वायंट आफ आर्डर पर बोलना चाहता हूं और वह यह है कि राव साहिब ने आपके सामने प्वायंट आफ आर्डर के जरिए सबमिशन की थी कि अगर कोई मैम्बर पर्सनल एक्सप्लेनेशन देना चाहे तो वह एट दी एंड आफ दी स्पीच हो सकता है, लेकिन आप ने यह फरमाया था कि यह चेयर को डिस्कीशन है चाहे तो उस को इजाजत दे दे । लेकिन चेयर जो है वह रुल्ज आफ कन्डक्ट एंड बिजनैस से बाहिर नहीं जा सकती । रुल्ज के अन्दर यह लिखा हुआ है कि पर्सनल एक्सम्लेनेशन का मौका एट दी एंड आफ दी स्पीच दिया जाएगा । तो मैं जानना चाहता हूं कि चेयर इसके अबव कैसे चल सकती हूँ ।

उपाध्यक्षा : आप का प्यायंट आफ आर्डर कितनी देर तक चलता रहेगा।

मलिक मुख्तियार सिंह : अगर आप देर पूछना चाहती हैं तो फिर यह चलता ही रहेगा।

Deputy Speaker : Point of Order does not mean a speech.

मलिक मुख्तियार सिंह : आप रूल्ज के खिलाफ कैसे रूलिंग दे सकते हैं । मैं समझता हूं कि रुल्ज की उलंघना कहीं की जा सकती । यह पर्सनल एक्सप्लेनेशन बाद में आ सकता है becauce the hen. Member dose not give way.

उपाध्यक्षा : कोई भी आनरेबल मैम्बर चेयर को इस तरह से चौलिंज नहीं कर सकता चेयर की रूलिंग के बारे में । मैं जो रूलिंग पहले दे चुकी हूं वही रहेगी । (शोर)

Malik Mukhtiar Singh : We shall have to give Ruling in accordance with the Rules of Procedure and Conduct of Business of this House.

Deputy Speaker : The hon. Member cannot challenge it and this is my Ruling.

Malik Mukhtiar Singh : But not against the Rules.

हम भी रूल्ज के खिलाफ कोई बात नहीं मान सकते ।

चौधरी चांद राम : इस हाउस में बड़ा जिक्र हुआ कि हम ने ला गुड आर्डर और जनरल एलमिनिस्ट्रेशन को ठीक तरह से सम्भाला है और यह भी कहा कि हम ने सीवन के मामले में और बाकी दीगर मामलों में हर वक्त इन्साफ देने की कोशिश को । लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सरकार ने उन बेगुनाह लोगो को जिन्होंने कोई चोरी नहीं की, डाका नहीं डाला, कोई ब्लैक मार्किट नहीं की ब्लैक मार्किट वाले तो इन के राज में पनपते हैं उन को बेरहमी के साथ गोलियों से मारा । सीवन में तो परिवार नियोजन

करने के लिए इन्होंने हरिजनों को मारा । लेकिन मैं पूछता हूं कि टीकले गांव में क्या हुआ, वहां पर एक जाट बुढ़िया को इस लिए मारा कि दफा 100 के वारट की बात थी । उस में भी यह कहते हैं कि जुडिशल इन्क्वायरी नहीं करवा सकते, सीवन में भी कहते है कि जुडिशल इंक्कायरी नहीं 'करवा सकते । एडमिनिस्ट्रेशन में किसी की जात ब्रादरी या रिश्तेदारी का क्या सवाल है । आज अगर इस बात पर इंक्वायरी नहीं की जाती कि फलां आदमी फलां का रिश्तेदार है या फलां ब्रादरी का है तो यह इन्साफ की बात नहीं । आखिर उन गरीबों का क्या कसूर था जिन के ऊपर इन्होंने गोलियां चलाई । उन्होंने कहा कि हमारे तीन चार बच्चे हैं हम खुद ही आप्रेशन करवा लेंगे लेकिन उस का नतीजा यह हुआ कि वहां पुलिस ने सौ आदमियों की लाईन लगाई और उनको गोलियों से भुना । क्या यह कोई बहादरी की बात है कि मासूम और निहत्थों पर गोलियां चलाई जाएं । मेरे पास सैकड़ों दरखास्ते हैं जो यह बताती है कि किस तरह इन्होंने पुलिस के जरिए लोगों के जबरदस्ती आप्रेशन किए । आज यह लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान नहीं देते बल्कि उनको मच्छर समझ कर गोलियों से भुनना चाहते हैं । और उन को जबरदस्ती खस्सी करना चाहते हैं । इन को उन सें यह खतरा है कि कहीं वह इन के खिलाफ कांति न ला सकें क्योंकि यह पिछले 22 सालों सालों में उनको रोटी नहीं दे सके । उस खतरे से बचने के लिए उन के साथ यह इस तरह का सलुक कर रहे हैं । उनको जमीन, मकान और रोटी तो यह दे नहीं सके और गलियों सें उड़ा रहे हैं ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर ही बस नहीं, वहां पर नौजवान लड़कियों को नंगा किया । आज मैं गांधी जी की आत्मा की तरफ देखता है, गांधी जी ने इनको हरिजन का माम ठीक ही दिया था क्योंकि इनका कोई रखवाला नहीं, इन के साथ कोई हमदर्दी करने बाला नहीं है । यह गांधी जी की फोटो लगी हुई है, उन की यह शताब्दी मना रहे हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह इनका दिसम्बर, 1988 का कोड है जिस मे लिखा हुआ है।

The Slate Government in order to encourage the people to work for this programme have decided on the recommendations ns of the Slate Family Planning Committee that a man who motivates 20 cases for sterlization opperations, i.e. for vasectomy and to be colony operations will be awarded a transister, in addition to incentive money per case (Voices from the Opposition Scheme). I am of this view that 'his step will go a long way in achieving the physical targets in IUCD insertions and sterlization operation. I do trust that you would surely oblige me in making this for night an objective success.

मै पूछता हूं कि उन से कि क्या उन ने अपना करवा लिया? फिर आप देखे हमारे समाने मिनिस्टर हैं जो एक एक वक्त में दो दो बच्चे जनती है' उन से पूछ लो कि फैमिली प्लैनिंग करवा ली । वह सीवनी में जाती है और औरतें रो रो कर दर्द भरी कहानियां... .. (शोर).... जमुना नगर में जा कर श्रीमती ओम प्रभा जैन व्यान देती हैं कि देखिए सीवन के मामला की कोई इंक्वायरी करने की जरूरत नहीं । क्यों? इसलिये कि फैमली प्लैनिंग प्रोग्राम को

धक्का पहुंचेगा । बीबी जी आपको तो धक्का पहुंचेगा और लोगों को आप मारती जाएं गोलियों से और साथ में यह बहाने करती जाएं । मै समझता हूं कि करते तो किसी तगड़े आदमी का करते मजबूत आदमियों के अप्रेशन करते तो आपको पता लग जाता कि फैमिली प्लैनिंग करने वालों का हशर क्या होता है । इन गरीब हरिजनों से वोट ले ले कर और इन गरीबों ने अपने वाईकाट करा करा कर आपके बैलों की जोड़ी को वोट डाले और आपको कामयाब किया और आप उन से यह गद्दारी कर रहे हो उन को मच्छर समझ कर मसल रहे हो । मैं कहता हूं कि हरिजनों की नसल कशी कर रहे हैं । करनाल के डी० सी० ने दो हजार अप्रेशन का दावा किया कि इतने करनाल में किए । आप इन्कवायरी करवा ले कि इन दो हजार में से 1,600 अप्रेशन सिफ हरिजन के हुए है । अकेले रादौर ब्लाक में जो 1244 अप्रेशन किए उन में से 133 हरिजनों के ही किए गए हैं । किन के किए हैं? यह मेरे पास चिठ्ठिया हैं

उपाध्यक्षा : चौधरी साहिब 12 बज कर 12 मिनट हो गए हैं मैं आपको दो तीन मिनट ओर दे सकती हूं क्योंकि आप देंखे कि सवा बारह बजे खत्म करना है और आपको पांच मिनट ज्यादा दिए जा रहे हैं.... (विष्य)..... प्वायंट आफ आर्डर किए गए इसीलिये आपको और टाईम दिया है और सवा बारह बजे खत्म कर दें

चौधरी चांद राम : मेरा तो कसूर नहीं उसमें.....

उपाध्यक्षा : चेयर का भी क्या कसूर है । अगर हाउस कहे तो टाईम बढ़ा देते हैं । आवाजें रू बड़ा दो, कब दो ।

Is it the sense of the House that the time be extended ? Voices from the Opposition : 'Yes'. Voices from the Treasury Benches : 'No.

Deputy Speaker : The time cannot be extended as per sense of the House .

उपाध्यक्षा : यह तो सारे हाउस की संस से बढ़ेगा ऐसे नहीं बढ़ सकता है ।

चौधरी चांद राम : यह मेरे पास कुछ दरखास्तें हैं इन से पता चल जाएगा कि यहा सिर्फ हरिजन ही नहीं हैं । यहां पर तो दो तीन मुसलमान भी है जिन की शरैयत के खिलाफ और उनकी नसबन्दी नहीं की जा सकती है । यह एक उमेद खां वल्द अब्दुल्ला है जिन को 22 साल है उसका आप्रेशन कर दिया । फिर यह एक और है यासीन खां उमर तीस साल आप देखे कि बाइस बाइस साल और तीस साल की उमर वालों के आप्रेशन कर दिए । एक हरिजन चौकीदार वीर सिह है जो रोता रहा कि उसके कोई लड़का नहीं सिर्फ एक लड़की ऐ इ स लिये न करो लेकिन जबरदस्ती उसका आप्रेशन कर दिया । इसी तरह मुलखा सिंह और साधु राम कहते है कि उनको पुलिस जबरन धवके मार कर पकडु कर ले गई और आप्रेशन करवा दिया । मैं यह सारी उनकी दरखास्ते हाउस की

टेबल पर रखता हूं ताकि पता लग जाए किस तरह से यह इनकी फैमली प्लेनिंग हो रही है । एक झियूर बरादरी का आदमी है बैकवर्ड क्लास का वह बेचारा खेतों में काम करता है वहां से जबरदस्ती पकड़ कर ले जाते हैं पुलिस उसे हांक कर वैन में बिठा कर ले जाती है और उसका आप्रेशन कर दिया जाता है । उसका इतना खून निकलता है कि वह बेहोश हो जाता है और आज भी वह कहता है कि वह नाकाबल हो गया है । बवैन में एक फौजी है जो कहता है कि पता नहीं उस ने बरमा में कितने सैंटर में काम किया और क्या कुछ उसने इनामात हासल किए.

मलिक मुख्तियार सिंह : चौधरी साहिब, यह खुरशीद एहमद का और खान साहिब का भी कर देंगे आपने क्या ठेका उठा रखा है (हंसी)

चौधरी चांद राम : यह पांच छः दरखास्तें मैं हाउस की टेबल पर रखता हूं ताकि वक्त जाया न हो । मैं कहना चाहता हुं कि जितने चौकीदार थे उन में से बहुत सारे हरिजन थे और तहसीलदार की चौकीदार पर ही चल सकती थी । आप इन्कवायरी कर के देख लें कि जितने चौकीदार थे उन में से 90 फी सदी चौकीदार की नसबंदी कर दी हूँ । यह फिर लाटरी की स्कीम चली और इसका क्या हाल है वह भी देख लो । रजिस्ट्री करानी हो तो कहते हैं कि लाटरी का टिकट लो कोई लाइसेंस लेना हो तो लाटरी का टिकट बेंचो लाजमी तौर पर । प्राइमरी स्कूलों के बच्चे रो रहे हैं कि टिकट खरीदने पड़ेंगे । जबरदस्ती यह सारा काम हो रहा है ।

पलड का काम हूँ उसकी भी बात करता हूं (विघ्न) मैं ने कहा कि एक तरफ तो बिचारे गरीब मर रहे हैं और कह रहे हैं कि हाई कोर्ट का जज लगा कर इन्कवायरी करा दो और दूध का दूध और पानी का पानी कर दो । मुझे एक शेयर याद आता है

बेगुनाहो के खुन की बारिश में बजमें इशरत सजाए बैठे हो

उठ भी सकती है दफ्तन लाशें जिन पर मसंद विछाए वैठे हो ।

मै चेतावनी देता हूं । यह लोग कहते हैं कि यह बहुत हैं तो इस बारे में मैं अर्ज करता हूं कि :

होने को शराफत का पुजारी है तू, पाबन्दे रसूम दीनदार है तू

क्या अपने जमीर से मिलाकर आंखें कह सकता है, शैतानियत से आरी है तू ।

उपाध्यक्षा : आपका टाइम खत्म हो गया है ।

चोधरी चांद राम : फन्ड के बारे में क्या हो रहा है यह तो आपको कुछ बता दू । उपाध्यक्षा रू नहीं, अब नहीं, टाइम हो गया है ।

सूबेदार प्रभु सिंह जी : अब आप पांच मिन्ट के लिये बोल लें ।

सूबेदार प्रभु सिंह (भिवानी खेड़ा, ऐस०सी०) : चुंकि मुझे पांच मिनट का हुकम मिला है इस लिये मैं पांच मिन्ट में ही बोलूगा । इस इधर से कुछ शेरोशायरी शुरू हुई तो मुझे भी एक शेयर याद आ गया रू

न समझे उमर गुजरी बुत्ते काफर को समझाते

पिघल कर मोम हो जाता अगर पत्थर को समझाते ।

(विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, चौधरी मुख्तियार सिंह जी को मुझ से बड़ा प्यार है और सभी दोनों को मे रो बड़ी हमदर्दी है (विन) यह पांच मिनट तो मेरे ऐसे ही मे हो जाएंगे (विध्न)..... .मैं ने चांद राम पर नहीं बोलना है मुझे अपने हलका पर बात करने के लिये पांच मिनट मिले है' । तो मै अर्ज करता हूं तीन चार दिन से इधर से कई कुछ सुनते रहे हैं । हमें तरह से उमीद थी कि हमारे राव साहिब अपोजीशन के लीडर हैं, बहुत स्याने है, लायक हैं और दूसरे लीडर भी है ' । हम समझते थे कि इन से कुछ इनफर्मेशन मिलेगी मगर अखबारों से जब हम सुबह लोगो से सुनते है तो वह इन्फर्मेशन के लिए नहीं रिक्रोऐशन के लिये पढ़ते हैं । अजीब बात है और ऐसी उमीद हमें नहीं थी । डिप्टी स्पीकर साहिबा, कहानियां बनाई जाती हैं और बात भो अजीब किस्म की कहांनियां जो धूनी पर बैठ कर गरीब आदमी नहीं बनाते हैं और अनपढ़ भी नहीं बनाते (विघ्न) जरा कलेजा थाम कर बैठी और जरा कुछ सुन तो लो । तो मैं यह कह रहा था कि गलत किस्म को बातें बनाने से हरियाणा को ही नहीं हरियाणा तो छोटा सा प्रांत है हम देश को बदनाम करने जा रहे हैं और यह गलत प्रथा डाली जा रही है । कोई कहता है किसी को हारट अटैक हो गया किसी को कोका कोला का नशा हो गया । मै कह ता हूं कि अगर हम इधर से दो ऐम० एल० एजगायब करके राव वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ

मुकद्दमा दर्ज करा दें तो वह भी एक ड्रामा हो सकता है मगर यह प्रथा गलत है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : वह आप पिलाते क्या हैं हमें भी बता दें ताकि हम भी पिला दे (हंसी) ।

सूबेदार प्रभु सिंह : राव साहिब जानना चाहते हैं कि पिलाते क्या थे वह । हमें पता नहीं कि क्या पिलाते हैं । आपने क्या पिला कर उन को भे जा था वह बता दें ताकि हम आप पर मुकदमा दर्ज करा दें । फिर कहते है कि आपने छुपाया है । इस किस्म की गलत बयानियां एक जिम्मे दार आदमी क अच्छा नही लगता ।

राव बीरेन्द्र सिंह : अब बता दें, फिर मुकद्दमे सत्त्वे बना लेना (व्यवधान)

सूबेदार प्रभु सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर किसी आपोजीशन मैम्बर ने गवर्नमैटं से कुछ मांगा है और गवर्नमैटं उसे कुछ दे देती है तो ठीक है, अगर न दे तो इल्जाम लगाते हैं (विध्न)

चौधरी जोगिन्द्र सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । (विध्न) डिष्टी स्पीकर साहिबा, आनरेबल मैम्बर जो दलील दे रहे है वह गलत है, मेरे पास रिजैक्शन वाला कागज है, मैं आपको दिखा सकता हूं ।! विरोधी दल की तरफ से तालियां) ।

एक आवाज : आपका टाईम हो गया है, चौधरी साहिब ।

सूबेदार प्रभु सिंह : मैं कहना तो कुछ और ही चाहता था लेकिन यह बीच में सिलसिला शुरू हो गया है । मुझे तो सिर्फ पांच मिनट मिले हैं, ये पांच मिनट भी आपको बीस मिनट नंबर आते हैं, इनको घड़ी नजर नहीं आती होगी । मैं कह रहा था कि मैं अपोजीशन लीडर्ज की बहुत इल्लत करता हूं, ये बड़े काबिल आदमी हैं । इन्होंने जो हरियाणा में ड्रामा खेलना शुरू कर दिया है इसको बन्द करें और हरियाणा को बचायें । हरियाणा की जनता को यह बता दें कि हम बा–इज्जत आदमी है, गलत किस्म की कहानियां बना कर हम राज नहीं कर सकते । उपाध्यक्षा रू आपका टाइम हो गया है ।

सूबेदार प्रभु सिंह : मुझे दो मिनट और दे दें, टाईम तो हो ही गया है।

उपाध्यक्षा : दो मिनट और दे देती हूं ।

सूबेदार प्रभु सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर गिनती का जिक्र किया गया था । आपोजीशन के लीडर कहते हैं कि कम गिनती के लोगे' को ज्यादा दिखाया गया है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हाथ कंगन को आरसी क्या, गिनती के लिए तो हम यहां बैठे हैं । आप गिन सकती हैं । अंबेजी भाषा में गिनती की जा सकती है, हिन्दी में की जा सकती है, मद्रासी में की जा सकती है, जिस जबान मे वे समझते हाउस जबान में गिनती गिना देते हैं । लोगों को मिसगाईड करने से कोई फायदा नहीं है । (श्री बलवन्त

राय तायल की तरफ से विड न) बलवन्त राय को बड़ी बेचौनी हो रही है,. इजाजत मैने इधर से ली है और आप कहते हे कि टाईम हो गया है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मै बतलाना चाहता हूं कि 28 तारीख को जब सिलसिला शुरू हुआ तो पिछली सरकार के नुमायदों ने मैम्बरो को अपने साथ मिलाने के लिये एक इश्तिहार निकाला जिसकी कुछ शर्ते मैं आपको सामने रखना चाहता हूं :–

(1) बिकने वाले एम०एल०ए ० की बोली का भेद 24 घंटे तक गुप्त रखा जायेगा ।

(2) एम०एल०ए० की बोली कम से कम दस हजार से शुरू करके उसकी मूर्खता के अनुसार बढ़ाई जाएगी (हंसी) ।

राव बीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये अपना मैनिफंस्टो पढ़ रहे हैं या कुछ और है ।

सूबेदार प्रभु सिंह : यह मैनिफस्टो राव बीरेन्द्र सिंह को सरकार का है । हां, मै' कह रहा था कि –

(3) बिकने बाले एम०एल०ए० को बोली की जर–जमानत पेशगी मिलेगी।

(4) बिकने वाले एम०एल०ए० को कम से कम एक हफता खरीददार का वफादार रहना जरूरी होगा ।

(5) मर्यादा खत्म होने पर ईमानदार या वफादार रहना जरूरी नहीं ।

(6) अकल के अन्धे और गांठ के पूरे ही इसी बोली में हिस्सा ले सकेंगे ।

(7) इकटठे बिकने वाले एम० एल०ए० को सरकार रियात करेगी, बाकी शर्तें वजारत टूटने या बनने पर सुनी जायेगी ।

इसके बाद एक नोट है, जिसमें लिखा है '' बिकने वाले हर एम० एल० ए० की एक रंगीन फोटो देश प्रदेश के हर चिड़िया घर में उल्टी लटकाई जायेगी । (इस समय श्री अध्यक्ष विराजमान हुए) ।

राव वीरेन्द्र सिंह : स्पीकर साहिब, आपने कल इस हाउस का डैकोरम कायम रखने के लिये बहुत कोशिशें की हैं लेकिन अब जबकि अप्रोप्रिएशन बिल पह बहस हो रही है, मैम्बर साहिब बहुत इर्रेलेवेट बोल रहे हैं जिसकी कोई बुक्कत ही नहीं है । जो कुछ ये कागज पर से देख कर पढ़ रहे हैं यह ठीक नहीं है, इन्हें चाहिये कि एप्रोप्रिएशन बिल पर बोलें ।

Mr. Speaker: What was the basis ?

सूबेदार प्रभु सिंह : मैं ने तो पिछली सरकार की रवायात ब्यान का है । जो कुछ कार्यवाहियां इन्होंने की हैं हम भी उन्हीं बातों पर अमल करते हैं । हम क्यों न अपने बजुगों की बातों पर अमल करें । जैसा बजुर्ग हमें सिखायेंगे वैसा ही हम करेंगे । जो कुछ हमने किया है वहू इन्हीं से सीखा है । (चौधरी मुख्तियार सिंह कुछ कहने के लिए खड़े हो जाते हैं)

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहिब, मैं कुछ कहना चाहता हूं, आप बैठ जाएं ।

मलिक मुख्तियार सिंह (सोनीपत) : मै सिर्फ तीन मिनट लूंगा, मने एक सब– मिशन करनी है । मेरी अर्ज यह है कि तीन चार रोज से हाउस में एक हंगामा हुआ और उस हूंगामें के सिलसिले में आपने कुछ मुसीबतें झेलीं और इस किसम का कदम उठाना पढा जिसके लिए आपको मजबूर होकर कल ऐडैरस करना पढ़ा, अपील के तौर पररू । स्पीकर साहिब, जो कदम हमने कल उठाया वह क्यों उठाना पड़ा, यह आप जानते हैं । राव साहिब तो इस हद तक चले गये कि उन्होंने यह कह दिया कि चार मेम्बरों की गल्ली नहीं बल्कि हम सब की गल्ली थी । जो कुछ हमें करना पड़ा वह श्री जोगेन्द्र सिंह के मामले पर करना पड़ा । मैने इसी वजह से कहा था कि यह रोग एक तरफ से नहीं दोनों तरफ से है हालांकि राव बीरेन्द्र सिंह नो तो सारा कुछ अपने ऊपर ही ले लिया था । लेकिन मजबूरन मुझको यह चीज कहनी पड़ी कि उन्होंने गलत कदम उठाया कि जोगिन्द्र सिंह को यहां से अगुआ किया और हमने जब उसके ऊपर रीजैन्टमेंन्ट गवर्नमेंट के खिलाफ शो की तो स्पीकर साहिब आपकी तरफ से अपील हुई, दोनों पार्टीज आपस में मिलीं, बातचीत हुई और हमें भी कुछ विश्वास दिलाए गए ।..... (विघ्न)..... क्या कहूं, चौधरी रणबीर सिंह हाउस से उठकर चले गए वरना मैं बताता.....

चौधरी लाल सिंह : आन ए प्वायंट औफ आर्डर, सर ।

Mr. Speaker : Are you sure, it is a Point of Order ?

चौधरी लाल सिंह : स्पीकर साहिब, मैं आपके द्वारा पूछना चाहता हूं कि क्या यह हाऊस जोगिन्द्र सिंह के लिए ही बुक हो चुका है या कोई और बात भी होगी? कभी यह वात खत्म भी होगी या नहीं?

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट औफ आर्डर नहीं है । आयदा अगर आपने इस तरह से पूछना चाहा तो आपको प्वायंट औफ आर्डर की ईजाजत नहीं दू गा ।

वित्त मन्त्री : वैसे तो प्वायंट आफ आर्डर बन गया है ।

मलिक मुख्तियार सिंह : स्पीकर साहिब, आज यह सारा हाउस देख रहा है, आज हरियाणा की जनता देख रही है कि आया हम जस्टिफाइड थे या गलती पर थे या ये गलती पर थे । आज एक सैन्सेशनल स्टैटमैन्ट जो हाऊस के सामने हुआ, उसने सारे हाऊस को, हरियाणा की जनता को और हिन्दुस्तान की जनता को बता दिया कि हरियाणा के अन्दर किस तरह की बाते हो रही हैं । आज हमारा मुंह बिल्कुल साफ है । स्पीकर साहिब, पिछले दो दिनों के माहौल को ठीक करने के लिए तथा इस हाउस की डिगनिटी को कायम रखने के लिए आपके कहने पर हमने लार्ज हर्टीडनैस से काम लिया लेकिन मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि जिस जोगिन्द्र सिंह के मामले के ऊपर दो दिन यहां माहौल खराब रहा और हमारे चार साथियों को सैशन के बाकी दिनों के

लिए भाग लेने से रोका गया है, उन्हें क्यों अभी तक बाहर रखा जा रहा है? क्यों उन्हें सजा दी जा रही है । अब तो बात साफ हो गई है कि आया वे गलती पर थे या गवर्नमैटं गलती पर थी । मुझे आप ही बताएं, स्पीकर साहिब, कि रीप्रैशन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस माननीय सदन के अलावा और कौन सा फोरम हो सकता था या है?

श्रीमती चन्द्रावती : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर ।

मलिक मुख्तियार सिंह : इसमें, स्पीकर साहिब, चन्द्रावती जी भी शामिल हैं ।

श्री अध्यक्ष : हां, आपका क्या प्वायंट आफ आर्डर है?

श्रीमती चन्द्रावती : मै तो जनाब इस सम्बन्ध मे कोई बात नहीं कहना चाहती मगर आपके ध्यान मे एक बात लाना चाहती हूं । श्री जंसवाल जी दो दिन से गैरहाजिर हैं । अगर कल को ये लोग उनके सम्बन्ध में कोई कहानी बना कर रखें, तो मै नहीं समझती कहां तक ये बातें हमें शोभा देती है । मैं समझती हूं कि इस किस्म की बातें यहां हाउस में नहीं लानी चाहिएं ।.. ... (शोर).....

मलिक मुख्तियार सिंह : सूठी बातें हम नहीं कहते और सच कहने में कोई डर नहीं है ।

श्रीमती चन्द्रावती : चौधरी बनवारी राम जी भी गैरहाजिर हैं ।

श्री अध्यक्षय : आपका तो प्वायंट आफ आर्डर था ।

मलिक मुख्तियार सिंह : ओमप्रभा जैन जी भी वहां पर मौजूद थीं, ये भी थीं ।

Khan Abdul Ghaffar Khan : On a Point of Order, Sir. If the hon. Member is allowed to speak, then he will go on for hours and hours. He is just marking time and doing nothing else.

Rao Birender Singh : Malik Mukhtiar Singh was speaking in connection with yesterday's meeting.

Khan Abdul Ghaffar Khan : The hon. Member has repeated these things four times.

मलिक मुक्तियार सिंह : तो स्पीकर साहिब, मैं अर्ज कर रहा था कि इस हाऊस के माहौल को ठीक करने के लिए, इस हाऊस की डिगनिटी और डैकोरम को बरकरार रखने के लिए हमने तो लार्ज हर्टिडनैस से काम लिया मगर इनकी तरफ से भी तो केहि गुडविल जैस्चर आना चाहिए था कि उन चार मैम्बरान को बहाल कर दिया जाए और इस हाऊस की कार्यवाही में भाग लेने दिया जाए । मगर अफसोस है कि अभी तक ऐसा कुइ नहीं किया गया । हमें तो कल विश्वास भी दिलाया गया था, मगर अभी तक कुछ नही हुआ । मैं तो, स्पीकर साहिब, आपसे ही पूछना चाहता हूं कि हम लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार कब तक होता रहेगा? जवकि ।

The Opposition's stand was justified in view of the statement of Shri Joginder Singh and the disclosures made on the Floor of this House.

WALK-OUT

राव बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर साहिब, पेश्तर इ सके कि आप आगे की कार्यवाही करें, मुझे एक प्वायंट अपने सामने रखने के लिए एक मिन्ट की इजाजत दीजिए ।

श्री अध्यक्ष : कहिए ।

राव बीरेन्द्र सिंह : स्पीकर साहिब, ये एप्रोप्रिएशन बिल ला रहैं है । चार मैम्बर हुमारे बाहर बैठे हैं । कल जो कुछ हुआ, उसके बारे मे मेरी अर्ज यह है कि एक तो चौधरी जोगिन्द्र सिंह नहीं थे, दूसरे आपने फरमाया कि पुलिंस में केस रजिस्टर हो चुका है, इसलिए हम खामौश हो गए । लेकिन आज जव हुमने बातें सुनी और हाउस में यह साबित हो गया कि हम जस्टिफाइड थे तब भी चीफ मिनिस्टर साहिब हमारी बात को नहीं मानते । हमने उनसे डिमांड की है कि वे इस्तीफा देकर पूरी तरफ से इंक्वायरी होने दें । आज उनको सारे हात्रात का इल्म हो गया है, मगर चीफ मिनिस्टर साहिब इस बात के लिए तैयाार नहीं हैं । अगर उनको अपनी मेजारिटी पर इतना गर्व है तौ क्यो नहीं हमारे चार मैम्बरों को हाऊस में लाकर एप्रोप्रिएशन बिल को पास करवाते क्यों इस तरह से जबरदस्ती और धक्के से पास करवाना चाहते है? मैं तो समझता हूं कि इन्हें ऊपर से यानि हाई–कमांड सै ऐसी ही हिदायतें होगी कि जव तक मिड–टर्म पोल न हो लें उस वक्त तक कोई बात हाऊस में न हो चाहे इन्हें किसी को अगुवा करना पड़े या कुछ और करना पड़े । वरना क्या रुकावट है चीफ मिनिस्टर साहिब के सामने कि वे एक गुड–दिल का जैस्चर चार बरखास्त

मैम्बरों को हाऊस में लाने के लिए न लाए जबकि वे अपनी मेजारिटी बड़ी जोरों मे क्लेम करते हैं । स्पीकर साहिब, ये जायज वात को नहीं मानते । आपके सामने बातें हुई मगर मुझे अफसर से कहना पड़ता है कि उसके वावजूद भी यह हो रहा हूँ । अगर इसी तरह से एक तरफ कार्यवाही चलनी है तो हम बाहर जाने के लिए मजबूर हैं । (विरोधी दल के सब सदस्य बाहर जाने लगे ।)

वित्त मन्त्री : अगर बहाना ढूंढ़ कर जाना चाहते है' तो बात दूसरी है । वरना तो केस रजिस्टर हो चुका है । केस चंडीगढ़ यूनियन टैरेटरी के पास है जिस पर हरियाणा सरकार का कोई दबाव नहीं ।

मलिक मुख्तियार सिंह : चार मैम्बरों को बुला दों ।

वित्त मन्त्री : चार मैम्बरों के बारे में तो डिसिजन हाउस का है और वह भी 10— 11 वोटों की मेजारिटी से ।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैजोरिटी रखने के लिए तों हमारे चार मैम्बरों को निकाला है ।

मुख्य मंत्री : गिनती सीख आओ, फिर सोच लेंगे ।

मलिक मुख्तियार सिंह : यह है इनका एटीच्चूट ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आप चलिए, इन्हें एक तरफा कार्यवाही ही करने दो।

.... (शोर).... (विरोधी दल के सब सदस्य बाहर चले गए)

DISCUSSION ON HARYANA APPROPRIATION BILL, 1969
(RESUMPTION)

वित्त मन्त्री (श्रीमती ओम प्रभा जैन) : माननीय स्पीकर साहिब, अपोजीशन फो जाना था, कोई न कोई बहाना मिल गया और चले गए । माइनौरेटी को छुपाने का बड़ा अच्छा तरीका है ।

श्री अध्यक्ष : बहिन जी, अब भी आपको जरूरत है स्पीच देने की ?त

विस मन्त्री : यही मैं सोच रही थी । जिन भाइयों की बातों का मुझे जवाब देना था, वे तो चले ही गए । अब मुझे आपसे कुछ नहीं कहना है, इसलिए आप कृपया इस एप्रोप्रिएशन बिल को पास करवा दीजिए ।

Mr. Speaker : Question is -

That the Haryana Appropriation Bill, be taken into consideration at once. The motion was carried.

Mr. Speaker : Now I will put the Bill clause by clause for consideration of the House.

Clause 2

Mr. Speaker : Question is --

That caluse 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker : Question is--

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr. Speaker : Question is --

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause I

Mr. Speaker : Question is --

That Clause I stand part of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is–

That Title he the title of the Bill.

The motion was carried.

Finance Minister (Shrimati Om Prabha Jain) : Sir, I beg to move :-

That the Haryana Appropriation Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved:-

That the Haryana Appropriation Bill he passed.

श्री बनारसी दास गुप्ता (भिवानी) : स्पीकर साहिब, एपोप्रियशन बिल पर कुछ बाते और चर्चा यहां हाउस में चली, लेकिन मुझे अफसोस इस बात का है कि बिल में जो बातें थीं उन पर यहां कोई वाद–विवाद नहीं हुआ । विरोधी दल के नेताओं पर मुझे खेद है कि वे उठ कर चले गये । राव साहिब बहुत सुलझे हुए राजनीतिज्ञ है' और उनका काफी पुराना तजरुबा है, मुझे उनसे बड़ी आशा थी कि वे हाप्रोप्रियेशन विल पर जो कि एक बड़ा महत्वपूण बिल है रुस पर कोई कंकरीट क्रीटिसिज्म हाउस में पेश करेंगे लेकिन उन्होंने सब पोलिटिकल बाते की और पोलिटिकल चीजें भी बहुत निम्न–स्तर की । यह कहते हुए मुझे कोई झिझक नहीं होती, अभी जिस मानयोग सदस्य का मामला तीन–चार रोज सें हाउस में चल रहा है आज वे सौभाग्य से हाउस में पेश हुए । स्पीकर साहिब, लज्जा के मारे हमारा सिर झुक. जाता है जब इस हाउस में एक अफवाह, एक झूठी कहानी कहलवाई जाती द्र । मै तो केवल एक सबमिशन करना चाहता हूं कि को स्टोरी जोगिन्द्र सिह के बारे में, मेरे आनरेबल साथियों ने यहां पेश की है उसका एक हिस्सा मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । मेरे साथियों ने उनकी जबान से यह कहलबाया कि जोगिन्द्र सिंह को चीफ मिनिस्टर की कोठी पर ले जाया गया और चीफ मिनिस्टर साहिब ने कोका कोला के बहाने कुछ उनको पिलाया । मैं स्पीकर साहिब, दावे के साथ कह सकता हूं और यह एक महत्वपूर्ण घोषणा करता हूं कि अगर राव साहिब जो हमारे हिन्दू धर्म का पवित्र ग्रन्थ गीता

है उसको हाथ में ले कर हाउस में यह कह दें कि मैं गीता में विश्वास करता हूं और जोगिन्द्र सिंह चीफ मिनिस्टर साहिब के घर गया था तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूँगा ।

श्रीमती शारदा रानी कुंवर (बल्लभगढ) : स्पीकर साहिब, कहना तो बहुत कुछ चाहती थी, परन्तु जिन से कहना चाहती थी वे उठ कर ही चले गये लेकिन फिर भी मुझे आशा है कि मेरी आवाज उन तक पहुंच जायेगीं ।

आदरणीय स्पीकर साहिब, इस एप्रोप्रियेशन विल पर जो बहस चल रही है उसको ले कर जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के विष्य में काफी कुछ कहुंगा गया । जनरल एडमिमिस्ट्रेशन एक ऐसा टापिक है जिसमें किसी भी प्रकार की टीका–टिप्पणी की जा सकती है । सन् 1967 में जिस समय मार्च या अप्रैल के महीने से संयुक्त दल की गवर्नमैटं थी उस समय हमारे माननीय सदस्य कहते है कि सरकारी कर्मचारियों पर बड़ा दबाव डाला जा रहा है । आदरणीय अध्यक्ष महोदय उस समय को याद करें जब सन 1967 में समयूक्त दल की गवर्नमैंट थी हमारे पास इस बात के उदाहरण मौजुद हैं जो सदस्य उस समय औहदों पर बैठे हुए थे वे उन अफसरों को आर्डर देते थे और वह आर्डर उनसे रातों–रात कम्पलाई करवाये जाते थे । हमारे पास उदाहरण हैंजो ट्रांसफर और दूसरे हेर–फेर उनके टाईम में हुए हैंवे हरियाणा के इतिहास में अविस्मरणीय हैं और अन्तकाल तक रहेंगे । किस तरह वह लोगो के घरों पर छापे मरवाते थे किस तरह मजबूर करते थे अफसरों को इस विषय में

गुड़गांव की एक महिला डि० कमिश्नर ने जो उनका उत्तर दिया था वह भी हरियाणा के इतिहास में लिखें जाये या गए है ।

स्पीकर साहिब, उन्होंने यहां हाउस में एक सदस्य की गिरफ्तारी की चर्चा की, कि उसकी गिरफ्तार कराया गया । उस समय उन्होंने भी एक सदस्य को गिरफ्तार कराया और अब वह सदस्य उनकी पार्टी में है । पहले हमारे साथ होता था ।

स्पीकर साहिब, उन्होंने फैमिली प्लैनिंग के विषय को ले कर बड़ा कुछ कहा । फैमिली प्लैनिंग से यह हो गया है, वह हो गया । मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि हमारे यहां फैमिली प्लैनिंग से मेरी तहसील बल्लभगढ के अन्दर इस अभियान ने प्रथम स्थान प्रांत किया है किन्तु लोगों के साथ कोई नाजायज केस नहीं हुआ । लेकिन उनके समय में हमारी तहसील में नाजायज तरीके बरते गए । अब वे हमें दोषी बनाना चाहते है', उस समय मेरे ही यहां कई केस ऐसे हुए, जो नाजायज थे । उन्होंने गवर्नमैंट के विषय में कहा कि ये कुर्सी से चिपका रहना चाहते है । मै इन से पूछना चाहती हूं कि उस समय जब इनकी सरकार थी क्या ये उस समय कुर्सी से चिपका रहना नहीं चाहिए थे? जैसा उदाहरण इन्होंने पेश किया ऐसा तो कोई भौ नहीं मिलता । यह कहते हैंकि कांग्रेस की गवर्नमैटं हरियाणा का सत्यानाश करना चाहती है । क्या उस समय उनकी कुर्सी की हविस ने सारे उत्तर भारत का सत्यानाश नहीं कर दिया है और जो करोड़ों रुपये का इलैक्शन में यह नुक्सान हो

रहा है यह करोड़ों रुपया उत्तर भारत के निर्माण के कामों मे नहीं लगाया जा सकता था?

यहां पर इस पवित्र जगह में ये झूठी बातें कहते हैं । अगर यहां इस पवित्र जगह में भी इतनी गलत बातें कहते हैं तो हमारा सिर नीचे को हो जाता है कि इस पवित्र हाउस के अन्दर भी हम झूठ बोलते हैं । हमें शर्म आती सै । अभी चौधरी चान्द राम जी ने कांग्रेस गवर्नमैटं के विषय मे कहा कि यह गवर्नमैंट बीस साल में भी कुछ नहीं कर सकी । तो में चौधरी चान्द राम जी से यह पूछना चाहती हुं कि बीस साल तक तो स्वयं ही इस कांग्रेस की गद्दी पर बैठे रहे थे और अब उनको 15—20 साल के बाद की बातें याद आ रही हैं । अब वे कुर्सी पर नहीं हैं इसलिये आज हरिजनों के लिये जो कुछ हो रहा है वह सब बुराईयां नजर आने लगी हैं, सारी कमियां नजर आने लगी हैं । ये कमियां या बुराइयां इसलिये नजर आ रही हैं कि वे स्वयं कुर्सी पर नहीं हैं । व अब एक साधारण मैम्वर हैं । मैं तो यह कहती हूं कि हरिजनों के लिये अब जो कृछ किया जा रहा है पिछले कई वर्षों मैं वह नहीं कर सके । मेरे इलाके मे बहुत पिछडे हुए हरिजन है' । उनकी सुविधा के लिये पहले किसी भी प्रकार के उद्योग धंधे और पानी की व्यवस्था नहीं थी लेकिन इस समय मुझे पता हूँ कि जो लाखों रुपया कर्जे के रूप मे उनको उद्योगधधे स्थापित करने के लिये दिया जा रहा है और काफी प्रोत्साहन मिल रह। कस । अब जो कुछ हो रहा है हमारी आंखों के सामने हो रहा है और सभी हरिजन भाई भी

जानते हैं । फिर भी कुछ बातें है जो यहां कहना चाहती हूं । एरिया का एप्रोप्रिएशन बिल मे जिक्र कर देना चाहती हूं । इम्बैंकमैंट का मामला एप्रोप्रियेशन बिल में आया कि जमना अपने आस पास की जमीन को तोड़ती हुई जाती है जिसके कारण आमपास के कई गांव हैं उनको काफी बुरी हालत है । उन लोगों को रहने के लिये मकान नहीं है, उनके गांव हूर साल तबाह हो जाते हैं इसी प्रकार दो–तीन गांव हमारे बल्लभगढ क्षेत्र के हैं न उनको पंचायत की तरफ से जमीन मिली है न सरकार को तरफ से कोई प्रबन्ध किया गया है । इसी प्रकार से 14– 15 गांव खाद्दर के इलाके मे हैं वहां पर एक डिस्पेंसरी थी बाढ़ के कारण वह टूट गयी थी परन्तु पिछली जो राव साहिब की सरकार आयी उसने उसको बिल्कुलही खत्म कर दिया और वहां से दवाईयां वगैरह सब कुछ उठा ली । जिसके कारण उस इलाके के लोगों को काफी दिक्कत हो गई है । इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूंगी कि इसको फिर से चालू किया जाये ।

स्पीकर साहिब, पिछली राव साहिब की गवर्नमैंट कितनी लोकप्रिय थी यह तो सबको विदित है उन्होंने उसे बढ़ाकर वहुत चाहा कि किसी प्रकार स्थिर बनी रहे । किन्तु वह स्थिर रहने योग्य नहीं रह सकी । अब इन्होंने कहना आरम्भ कर दिया कि यह सरकार शासन चलाने योग्य नहीं है इसे रहने का कोई अधिकार नहीं है । स्पीकर साहिब, उनके कहे अनुसार यह गवर्नमैंट शासन चलाना छोड़ तो सकती टस किन्तु वह सौंपा किस को जाये । इस

सरकार से अधिक जनता के भले की भावना रखने वाली सदस्य और इनसे अधिक जन प्रिय सदस्य दिखाई पड़े तो उन्हें सरकार शासनधिकार सौंप सकती है । अभी इन्होंने एक मैम्बर साहिब से गलत बातें कहलवा कर फिर गवर्नमंट के खिलाफ प्रोपेगंडा करने की कोशिश की और ज्यादा हवाला इस चीज का दिया गया कि साहिब उनको रात को रिवाल्वर का लाइसेंस दिया गया । स्पीकर साहिब, यह तो छोटी सी गर्वनमैट है अगर बह दिन रात काम न करेगी तो फिर काम कैसे चलेगा । अगर मिनिस्टरों की लम्बी चौड़ी फौज बना कर हरियाणा का सारा बजट उन पर ही खर्च कर दिया जाए तो फिर हमारी स्टेट की डिवैल्पमेट कैसे होगी । इस लिये हमारी सरकार दिन रात एक करके काम कर रही है ।

अन्त मे मैं अपनी सरकार से निवेदन करूंगी कि हुमारे खादर के इलाके में यह जो रिलीफ वगैरह का फंड है इस में से काफी हिस्सा दिया जाए । जय–हिन्द

चौधरी चंदा सिंह (नीलोखेडी) : स्पीकर साहिब, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने आजाद मैम्वरों में से बोलने का मुझे मौका दिया है । अगर आपोजीशन वाले भाई न चले गए होते तो शायद हमें मौका न मिलता । खैर वह चले गए हैं इस लिये जो मौका मिला है रुस मे मैं अपने कुछ विचार हाउस के सामने रखुंगा । सैशन शुरु होते ही सरकार ने अपने सब कामों का चिट्ठा हाउस के सामने रखा उस को देख कर पता चलता है कि सरकार ने बहुत ज्यादा काम किया है । चाहिए तो यह था कि मैम्बर

साहिबान उन के ऊपर कुछ ठोस नुक्ताचीनी करते और अपनी तरफ से कुछ सुझाव पेश करते लेकिन वह उन्होंने नहीं किया, एग्रीकल्चर में तरक्की करने के लिये या व्यास प्राजैक्ट के बारे में कोई सुझाव आता तो कुछ बात बनती लेकिन इस तरफ कोई नहीं गया । स्पीकर साहिब, बिजली का काम हमारे हरियाणा मे इतनी रपतार से हुआ है कि शायद ही किसी और स्टेट में इतनी रफ्तार से हुआ हो । सारे बजट को देखा जाए तो मेरे ख्याल में एग्रीकल्चर और पावर पर 50 फीसदी तो जरूर खर्चा होगा । लेनिक इस को बावजूद भी मै' सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि अभी भी कुछ ऐसे इलाके हैं जा बिल्कुल सुखे हैं जहां पर कि ट्यूब–वैल भी नहीं लग सकते उन की तरफ तवज्जो देने की जरूरत है । स्पीकर साहिब, गो मै ज्यादा लिखा पढ़ा हुआ नहीं हूं लेकिन फिर भी शिक्षा के बारे मे कुछ अर्ज करना चाहूंगा अंग्रेजों ने शिक्षा का ढंग आम तौर पर यह वना रखा था कि उनको क्लर्क मिलते जाए । हमारी सरकार ने उस में कुछ तबदीली तो की लेकिन इस को और बेहतर बनाने के लिये रिसर्च और खोज की जरूरत है जिस से कि देश में एक तो बेकारी कम हो औंर हमारा देश आगे बढे ।

स्पीकर साहिब, फैमिली प्लैनिंग के बार में मैं बहुत कुछ कहा गया और कई मैम्बरों ने कहा कि खुदा यह चाहता है । लेकिन आप जानते है' कि आजकल मानव क्या से क्या कर सकता है और वह क्या चाहता है । इसलिये मैं समझता हूं कि फैमिली प्लैनिंग को

अगर खुदा के भरोसे पर छोड़ दिया जाए तो पता नहीं बात कहां से कहां पहुंच जगर ।

श्री अध्यक्ष : टाईम हो गया है, आप एक मिनट और बोल सकते हैं ।

चौधरी चंदा सिंह : स्पीकर साहिब, मैं एक मिनट में खत्म करता हुं । मैं निवेदन करूंगा कि हम को यह चीज ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारी जरूरतें कौन सी हैं और हम ज्यादा से ज्यादा काम किस तरह कर सकते हैं । हम को यह देखना चाहिए कि जो डिवैल्पपिग स्टेट है उस को उसारने के लिये वर्किग मे' क्या क्या तबदीलियां करनी चाहिएं जिस से थोड़े समय में और थोड़े से पैसे से ज्यादा से ज्यादा तरक्की हो सके । मैं यह सुझाव दूंगा कि सड़क का एक एक मील का एस्टीमेट निकालना चाहिए और इन्जीनिअर्ज को पूछना चाहिए कि वह कैसे कम से कम खर्चे से बन सकती है । बस मैं इतना कह कर आप का शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्रीमती लेखबती जैन (अम्बाला शहर) : स्पीकर साहिब, आप का शुक्रिया आप ने मुझे दो मिनट वोलने का मौका दिया । मुझे आम तौर परवोलने का मौका नहीं मिलता क्योंकि जब बोलना का मौकाहोता है तो आप मुझे चेयर मे बैठा कर चले जाते हैं । आखिरकार मुझे भी लोगों ने चुन कर भेजा है और मेरे वोटर्ज भी कुछ चाहतेहैं कि भै' उन के लिए कुछ कहूं । फिर बात यह हें कि

बाहैसियत डिप्टी स्पीकर मुझे मर्यादा के अन्दर ही रहना पड़ता है गो मैं पार्टी की मंम्बर हूं । मैं ने आपोजीशन के बारे में कुछ कहना तो नहीं था न इ नकी बातों का जबाव देना था इसलिये मैं सिर्फ अपनी गवर्नमैंट को ही कुछ कहुगी ।

मैं पहली बात तो यह कहना चाहती हूं कि जब राव साहिब की सरकार बनी थी तो उन्होंने बहुत से ऐसे काम किए जो कि जनता को पसंद नहीं थे । मिसाल के तौर पर उन्होंने ओल्ड– एज पैंशन बन्द कर दी थी लेकिन हम ने इलैक्शन लड़ते वक्त लोगों के। यकीन दलाया था कि हम अगर पावर में आ गए तो हम फिर ओल्डएज पैन्शन जारी कर देंगे । इस लिए मैं गवर्नमैंट को कहूंगी कि ओल्डएज पैन्शन जरूर जारी कर देनी चाहिए क्योंकि इस की बहुत जरूरत है। स्पीकर साहिब, अगर किसी को खाना न मिले तो और बात है लेकिन अगर भूखे के आगे खाना रख कर उठा लिया जाए तो वह अच्छी बात नहीं होती । जिन बूढ़े आदमियों को पैन्शन दी जाती थी उनको अगर अब न दी जाए तो यह अच्छी बात मात्म नहीं पड़ती और न ही यह मुनासब है ।

मै देख रही हूं कि टाईम हो रहा है लेकिन एक चीज की तरफ मैं और ध्यान दिलाना चाहती हूं । जहां तक' को–आप्रेटिव सुसाइटीज का को–आप्रेटिव डिपार्टमेंट का सम्बन्ध है हम इस चीज को बहुत पसंद करदे हैं और इसकी बड़ी सख्त जरूरत है । लेकिन कई चीजें ऐसी हैं जैसे को–आप्रेटिव डिपार्टमैंट के स्टोर खुले हुए हैं । उनकी तरफ खासतौर पर ध्यान दिलाना चाहती हूं । बाजार में

जो छोटे बनिये चीजें बेचते हैं वह कैसे गुजारा करते हैं उनकी तरफ भी हमें देखना चाहिए । कोई जमीन का काम करता है कोई हाथ से काम करता हे कोई दुकान का काम करता है और कोई कारखाना लगाता है और इस तरह अपना गुजारा करते हैं । आज गवर्नमैंट हर चीज की दुकानें खोलना चाहती है तो खुशी से खोले लेकिन उन दुकानों से जनता को फायदा भी होना चाहिए । यह जो सरकार ने स्टोर खाले हैं इन में कितने ही मैनेजर और सेल्जमैन रखे हुए है' जिनको काफी पैसा तनखाह की शक्ल में दिया जाता है । में पूछती हूं कि इतना रुपया किस लिये खर्च करते हो एक तरफ तो छोटे दुकानदारों. का रोजगार छिनता है और दूसरे जनता को भी कोई लाभ नहीं हो रहा है । आप वहां स्टोर पर जा कर देख लें । कपड़े का थान दिखाते हुए उनको सुस्ती आएगी और काफी ढील ढाल से कहेंगे कि क्या खरीदना है. ....

वित मंत्री : स्पीकर साहिब, एक बजने बाला है या तो आप टाटूम एक्सटैड कर दें... श्रीमती लेखवती जैन रू मैं अभी खत्म करती हूं' और इतना ही कहना चाहती हूं जहां तक राशन का ताल्लुक है वह ठीक है खोले बेचे और इस पर सरकार का पैसा भी ज्यादा नहीं खर्च होता है लेकिन जौ दूसरी चीजें हैं उनके स्टोर खोलना मैं समझती हूं कोई फायदा– मन्द चीज नहीं है और हम को इनकी जरूरत नहीं है । मैं समझती हूं कि गवर्नमैंट इस तरफ ध्यान देगी ।

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) : स्पीकर साहिब, आज सदन में एक सदस्य ने कहा कि वह मेरे घर आए और उनको कोका कोला पिलाया गया वगैरह वगैरह । मैं उसके बारे में कुछ थोड़ा कहना चाहता हूं । आनरेबल मैम्बर जिन्होंने मेरे ऊपर अलजाम लगाया उनका मेरे घर आना तो दरकिनार रहा मैंने उनको शकल से भी देखा है तो हाउस में ही देखा है । न कभी वह मेरे घर आए और न ही मेरे दफतर आए और उन से मेरा कभी किसी किस्म का मिलने का इत्तफाक भी नहीं हुआ और न ही उन के आने जाने से मेरा किसी किस्म का ताल्लुक है । यह आपोजीशन पार्टी वालों की मन घडत कहानी थी कुछ अर्सा मैम्बर को बाहर रखाओर अब अपने आप उसे हाउस में पेश कर दिया और जो मन में आया कहलवा दिया । यह कहानी निराधार है और बेबुनियाद है । इसके साथ साथ और याद दिला दूं कि पिछले दिनों आपोजीशन के लीडर राव बीरेन्द्र सिंह जी ने यह भी कहा था आन दी फ्लोर आफ दी हाउस. कि पंडित रामधारी को जब हार्ट अटैक हुआ था तो चीफ मिनिस्टर ने धमका कर दस्तखत करवा लिये । स्पीकर साहिब, आपको उनका जो लैटर आया हे वह पंडित राम धारी गौड के अपने हैड राइटिंग से लिखा हुआ है और दूसरा लैटर जो मुझे लिखा वह भी उनके अपने हैंड राईटिग में है जिनके बारे में राव साहिब ने कहा था कि हार्ट अटैक से पड़ा हुआ है उसके दस मिनट बाद वही मैम्बर साहिब पंडित राम धारी गौड हाउस में बैठे हुए थे. आपोजीशन को आदत पड़' गई है झूठी कहानियां बनाने की किसी न किसी तरह सरकार को बदनाम किया जाए और व्लैक

मेल करने का तरीका बनाया हुआ है । सदन अच्छी तरह से जानता है पब्लिक अच्छी तरह से जानती है....

श्री अध्यक्ष : टाइम हो रहा है ।

मुख्य मंत्री : राव बीरेन्द्र सिंह और उनके साथी लम्बे लम्बे कलेम करते रहे कि उनकी मेजोरिटो है और वह गवर्नमैंट टापल कर दैंगे । जब इन के सारे ही कलेम झूठे हो गए और झूठ सदन के सामने जाहिर त्रो गया तौ इन चीजों को चलाना चाहते हैंऔर ऐसे हात्रात पैदा करना चाहते है (विध्न).... मैं समझता हूं कि उन लोगो के कहने से और उन लोगों के हालात पैदा करने सें न हाउस डिजाल्व हो सकता है और न गड़ बड हो सकती है । अगर अपोजीशन चाहती है कि गैर कानूनी तरीके अख्तियार करे और गलत ढंग से चत्ने तो गवर्नमैंट तो ला एंड आर्डर मेनटेन करने के लियें पाबंद सैं और उसे करना पड़ेगा । यह झुठे अलजाम सरकार पर लगाए जाते हैमे चेयर से प्रार्थना करूंगा कि इस किस्म की गलत चीजें मम्बरो को कहने से रोका जाए ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation Bill be passed.

The motion was carried.

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 2.00 P.M.

on Monday the 10th February, 1969.

1.00 P.M.

(The Sabha then adjourned till 2.00 P.M. on Monday the 10th February, 1969.)